# BSTC/D.EL.Ed.

## भर्ती परीक्षा, 2021 (हल प्रश्न पत्र)

**परीक्षा तिथि**
31 अगस्त, 2021

### भाग अ : मानसिक योग्यता

1. यदि "+" का अर्थ "×", "–" का अर्थ "+", "×" का अर्थ "÷" तथा "÷" का अर्थ "–" है, तब
$6-9+8\times3\div20=?$
(1) 12 (2) 10 (3) 6 (4) –2 **(2)**
**व्याख्या-** दिया गया समीकरण-
$6-9+8\times3\div20=?$
प्रश्नानुसार समीकरण में चिह्नों को बदलकर रखने पर-
$6+9\times8\div3-20$
$=6+9\times\frac{8}{3}-20$
$=6+24-20$
$=30-20=\boxed{10}$


2. निम्न में से असंगत को ज्ञात कीजिये-
(1) 7 (2) 17 (3) 27 (4) 37 **(3)**
**व्याख्या-** 7, 17 तथा 37 अभाज्य संख्याएं हैं, जबकि 27 भाज्य संख्या है।

3. जिस प्रकार एक किलोग्राम एक क्विंटल से सम्बन्धित है, उसी प्रकार एक पैसा सम्बन्धित है-
(1) एक रुपया से (2) दस रुपये से
(3) सौ रुपये से (4) दस पैसे से **(1)**
**व्याख्या-** जिस प्रकार एक किलोग्राम का 100 गुना एक क्विंटल होता है, उसी प्रकार एक पैसे का 100 गुना एक रुपया होता है।

4. प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आने वाला अंक है-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | | | |
| 4 | 5 | | |
| 2 | 6 | 17 | |
| ? | 14 | 8 | 25 |


(1) 9 (2) 10
(3) 3 (4) 7 **(1)**
**व्याख्या-** यहाँ प्रत्येक स्तम्भ में संख्याओं का योग 25 है।




अत: प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर 9 आएगा।

5. दिए गए विकल्पों में से, निम्न में सही सम्बन्ध प्रकट करने वाले शब्द का चयन कीजिये-
दीर्घ : लघु : : विस्तृत : ..........
(1) बड़ा (2) संकीर्ण (3) लम्बा (4) श्रेणी **(2)**
**व्याख्या-** जिस प्रकार दीर्घ का विलोम शब्द लघु (गौण) है, उसी प्रकार विस्तृत का विलोम शब्द संकीर्ण है।

6. दिए गए चित्र को बनाने में आवश्यक न्यूनतम सीधी रेखाओं की संख्या है-



(1) 12 (2) 14 (3) 16 (4) 18 **(3)**
**व्याख्या-** दी गई आकृति में रेखाएँ इस प्रकार है-
क्षैतिज (आड़ी) रेखाएँ = 5
उर्ध्वाधर/लम्बवत् (खड़ी) रेखाएँ = 5
तिरछी/तीर्यक रेखाएँ = 3 + 3 = 6
इस प्रकार दी गई आकृति को बनाने में आवश्यक न्यूनतम सीधी रेखाओं की संख्या (5 + 5 + 6) = 16 है।

7. निम्न प्रश्न में अक्षरों/अंकों के तीन अनुक्रम दिए गए हैं, जो परस्पर किसी प्रकार से एक-दूसरे से मेल खाते हैं। आपको "?" से चिह्नित स्थानों पर आने वाले अक्षरों/अंकों को ज्ञात करना है।
– A D A C B – – B D C C
1 3 – – 1 2 4 2 – – – –
a – – b – – c d ? ? ? ?
(1) a, c, d, d (2) a, d, c, c
(3) c, a, d, d (4) d, c, a, a **(4)**
**व्याख्या-**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (C) | A | D | A | C | B | (D) | (B) | B | D | C | C |
| 1 | 3 | (4) | (3) | 1 | 2 | 4 | 2 | (2) | (4) | (1) | (1) |
| a | (b) | (c) | b | (a) | (d) | c | d | [d] | [c] | [a] | [a] |

प्रत्येक स्तम्भ में अंक के ऊपर तथा नीचे दोनों तरफ अंक का कूट लिखा गया है।
अत: अनुक्रम में "?" से चिह्नित स्थानों पर क्रमश: d, c, a, a आयेगा।


8. युग्म जो ट्रेन : पटरी : : ............ : ........... जैसा सम्बन्ध रखता है, वह है-
(1) विचार : दिमाग (2) गोली : बन्दूक की नली
(3) पानी : नाव (4) प्रसिद्धि : टेलीविजन **(1)**
**व्याख्या-** जिस प्रकार ट्रेन पटरी पर चलती है, उसी प्रकार विचार दिमाग में चलते हैं।


Visit CollegeDekho

9. रवि प्रत्येक रविवार को मुझसे मिलने आता था। पहली बार वह दोपहर 12:30 बजे आया, अगली बार दोपहर 1:20 बजे आया, इससे अगली बार दोपहर 2:30 बजे आया, उससे अगली बार दोपहर 4:00 बजे आया। तो इसके बाद वह कितने बजे आया?

(1) दोपहर 5:50 (2) दोपहर 5:40
(3) दोपहर 5:30 (4) दोपहर 5:20 (1)


व्याख्या-





10. यदि "DELHI" का कूट "CCIDD" है, तो "BOMBAY" का कूट होगा-

(1) AJMTVT (2) AMJXVS
(3) MJXVSU (4) WXYZAY (2)

व्याख्या- जिस प्रकार-




उसी प्रकार-




11. दिए गए शब्दों को एक अर्थपूर्ण क्रम में जमाइये और दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त क्रम को चिह्नित कीजिये-

(1) स्वर्ण (2) लोहा (3) रेत
(4) ताँबा (5) हीरा

(1) 3, 4, 2, 1, 5 (2) 3, 4, 2, 5, 1
(3) 3, 2, 4, 1, 5 (4) 3, 2, 4, 5, 1 (3)

व्याख्या- दिये गये शब्दों का अर्थपूर्ण (मूल्यों का बढ़ता हुआ) क्रम इस प्रकार है-


रेत (3)
↓
लोहा (2)
↓
ताँबा (4)
↓
स्वर्ण (1)
↓
हीरा (5)

अत: 3, 2, 4, 1, 5 सही क्रम है।

12. नेहा ने एक बिंदु X से सीधे बिंदु Y तक 50 मीटर की दूरी तय की। वह दायीं ओर मुड़ती है और 50 मीटर और अधिक चलती है, फिर वह फिर से दायें मुड़ती है और 60 मीटर चलती है। अंत में वह दायीं ओर मुड़ती है और 50 मीटर चलती है। वह प्रारंभिक बिंदु X से कितनी दूरी पर है?

(1) 10 (2) 20 (3) 30 (4) 40 (1)

व्याख्या-




अत: अंत में नेहा आरंभिक बिन्दु X से 10 मीटर की दूरी पर है।

**निर्देश (प्र. सं. 13-14):**

दिए गए कथनों से निम्नलिखित प्रश्नों को हल कीजिये-


(i) एक परिवार में छह सदस्य A, B, C, D, E एवं F हैं।
(ii) C, F की बहन है।
(iii) B, E के पति का भाई है।
(iv) D, A का पिता और F, D का पोता है।
(v) परिवार में दो पिता, तीन भाई और एक माँ हैं।

13. निम्नलिखित में से भाइयों का समूह कौनसा है?

(1) ABF (2) BDF
(3) ABD (4) BFC (1)

व्याख्या-

दिये गये संबंधों का आरेख बनाने पर-




A व B आपस में भाई हैं तथा F, C का भाई है। अत: ABF भाइयों का समूह है।

14. परिवार में पुरुष सदस्यों की संख्या कितनी है?

(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4 (4)

व्याख्या- परिवार में पुरूष सदस्यों की संख्या = 4

**निर्देश (प्र. सं. 15-16):**

यहाँ दो स्तम्भ हैं जिनमें स्तम्भ II में दिए अंक स्तम्भ I में दिए शब्दों के कूट हैं। प्रत्येक शब्द एवं उनके कूट का निरीक्षण करते हुए प्रत्येक अक्षर के कूट चिह्नित कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| KEY | 321 |
| PEN | 542 |
| PINK | 6541 |
| TIN | 765 |




Visit CollegeDekho

15. "KITE" का कूट है-

(1) 7621 (2) 5261

(3) 7631 (4) 7521 (1)

व्याख्या-




K → 1

I → 6

T → 7

E → 2

अत: KITE का कूट 7621 है।

16. "I" का कूट है-

(1) 6 (2) 5 (3) 4 (4) 3 (1)


व्याख्या- I का कूट 6 है।

17. मोहित ने कहा, "यह लड़की मेरी माँ के पोते की पत्नी है"। इस लड़की के लिए मोहित क्या है?

(1) पति (2) पिता

(3) दादा (4) ससुर (4)

व्याख्या- दिये गये संबंधों का आरेख बनाने पर-




अत: मोहित लड़की का ससुर है।

18. निम्न चित्र में कौनसी संख्या प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आयेगी?




(1) 6 (2) 12

(3) 16 (4) 21 (4)

व्याख्या-




[(17×3)−(7×3)= 30] [(9×3)−(1×3)= 24] [(11×3)−(5×3)= 18] [(12×3)−(8×3)= 12] [(13×3)−(6×3)= 21]


अत: प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर 21 आयेगा।

19. एक निश्चित कूट भाषा में THANKS को SKNTHA लिखा जाता है तथा KAVERI को IREKAV लिखा जाता है तो उसी कूट भाषा में STUPID को लिखा जाएगा-


(1) DPISTU (2) DIPSTU

(3) IPDUTS (4) DIPUTS (2)

व्याख्या- जिस प्रकार-




उसी प्रकार-




20. संख्याओं की दी गयी व्यवस्था-

7, 4, 2, 6, 5, 8, 3, 9, 4, 1, 6, 2, 3, 7, 4, 7, 8, 9, 6, 3

में क्रमागत संख्याओं के कितने युग्मों में से प्रत्येक में 3 का अन्तर है?

(1) 7 (2) 6

(3) 5 (4) 8 (1)


व्याख्या-

7 4 2 6 5 8 3 9 4 1 6 2 3 7 4 7 8 9 6 3

(7,4: −3), (5,8: +3), (4,1: −3), (7,4: −3), (4,7: +3), (9,6: −3), (6,3: −3)

अत: अभीष्ट युग्मों की संख्या 7 है।


21. निम्न दिए गए चित्र में त्रिभुजों की कुल संख्या है-




(1) 35 (2) 40

(3) 38 (4) 67 (4)

व्याख्या-




इस प्रकार दी गई आकृति में कुल (36 + 28 + 3) = 67 त्रिभुज हैं।



Visit CollegeDekho

22. यहाँ एक कथन के पश्चात् तीन कल्पनाएँ नं. I, II तथा III दी गई हैं। आपको कथन एवं पश्चावर्ती कल्पनाओं पर विचार करते हुए निर्णय करना है कि कौनसी कल्पना/कल्पनाएं कथन में समाहित है/हैं तथा तद्नुसार अपने उत्तर का चयन करना है।

**कथन :**

इस पुस्तक को इस प्रकार बनाया गया है कि एक साधारण व्यक्ति भी एक अध्यापक की अनुपस्थिति में विज्ञान का अध्ययन कर सकता है।

**कल्पनाएं :**

I. एक साधारण व्यक्ति की इच्छा है कि वह बिना अध्यापक के विज्ञान पढ़े।

II. विज्ञान पढ़ाने के लिए एक अध्यापक शायद सदैव उपलब्ध नहीं हो।

III. साधारणत: एक साधारण व्यक्ति स्वयं विज्ञान पढ़ने में कठिनाई का अनुभव करता है।

(1) केवल II तथा III अन्तर्निहित हैं।
(2) केवल I तथा II अन्तर्निहित हैं।
(3) केवल I तथा III अन्तर्निहित हैं।
(4) सभी अन्तर्निहित हैं। (1)

**व्याख्या- कल्पनाएं :**

I. असत्य, क्योंकि साधारण व्यक्ति की इच्छा यह नहीं हो सकती कि वह बिना अध्यापक के विज्ञान पढ़े एवं ना ही यह बात कथन में कही गई है।

II. सत्य, क्योंकि यह बात सच है कि विज्ञान पढ़ाने के लिए एक अध्यापक शायद सदैव उपलब्ध नहीं हो।

III. सत्य, यह बात भी सत्य है क्योंकि एक साधारण व्यक्ति स्वयं विज्ञान पढ़ने में कठिनाई का अनुभव करता ही है।

अत: केवल कल्पनाएं II तथा III अन्तर्निहित हैं।

23. कमल, जीनू एवं नवीन तीन भाई हैं। यदि निम्न सभी कथन सत्य हैं, तो इनमें से कौन सबसे युवा है?

कमल सबसे अधिक उम्र का है।
नवीन सबसे अधिक उम्र का नहीं है।
जीनू सबसे युवा नहीं है।

(1) जीनू (2) कमल
(3) नवीन (4) जीनू और नवीन दोनों (3)

**व्याख्या-** कमल > जीनू > नवीन

अत: नवीन सबसे युवा है।

**निर्देश ( प्र. सं. 24-25 ):**

एक निश्चित कूट भाषा में "sea is deep" का मतलब "246", "sky is blue" का मतलब "148" और "sea looks blue" का मतलय "689" है। इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

24. कौनसी संख्या "deep" का कूट है?

(1) 2 (2) 4 (3) 6 (4) 8 (1)

**व्याख्या-**

(sea) [is] deep → 2 [4] (6)

sky [is] ⟨blue⟩ → 1 [4] ⟨8⟩

(sea) looks ⟨blue⟩ → (6) ⟨8⟩ 9


अत: deep का कूट 2 है।

25. कौनसी संख्या "looks" का कूट है?

(1) 4 (2) 6
(3) 8 (4) 9 (4)

**व्याख्या-** looks का कूट 9 है।

26. निम्न चित्र में ऐसी कौनसी संख्याएँ हैं, जो दी गई आकृतियों में केवल एक ही आकृति में स्थित हैं?



(1) 4, 6, 7 (2) 1, 2, 9
(3) 3, 7, 9 (4) 2, 3, 8 (2)

**व्याख्या-** संख्याएं 1, 2 तथा 9 केवल एक आकृति में स्थित हैं।

27. नीचे दिए गए अभिकथन (A) तथा कारण (R) के लिए दिए गए विकल्पों में से सही का चुनाव कीजिये-


**अभिकथन (A) :** टीके बीमारियों को रोकते हैं।

**कारण (R) :** टीके बच्चों को दिए जाने चाहिए।

(1) दोनों A एवं R सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(2) दोनों A एवं R सत्य हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(3) A सत्य है परन्तु R असत्य है।
(4) A असत्य है परन्तु R सत्य है। (1)


**व्याख्या-** दोनों A एवं R सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।

28. नीचे दिए गए प्रश्न में चार आकृतियाँ दी गई हैं जिनमें से तीन आकृतियाँ किसी प्रकार समान हैं एवं एक आकृति भिन्न है। भिन्न आकृति छाँटिए-



(1) (2) (3) (4) (3)

**व्याख्या-**



आकृति 1, 2 व 4 में + का चिह्न ☑ आकृति के ऊपर की ओर स्थित है, जबकि आकृति (3) में ऐसा नहीं है।

29. यदि 17 फरवरी, 2013 को रविवार था, तो 17 फरवरी, 2015 को कौनसा दिन था?

(1) रविवार (2) सोमवार
(3) मंगलवार (4) बुधवार (3)

**व्याख्या-** ∵ 17 फरवरी, 2013 को दिन = रविवार

∴ 17 फरवरी, 2015 को दिन = रविवार + विषम दिन

(विषम दिन = सामान्य वर्षों की संख्या + लीप वर्षों की संख्या = 2 + 0 = 2) = रविवार + 2 = मंगलवार





Visit CollegeDekho


30. नीचे दिए गए प्रश्न में कुछ कथन और उनके पश्चात् कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है और यह निर्णय करना है कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा/से दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/ते है/हैं।

**कथन -** कुछ पुस्तकें मेज हैं।
कुछ मेजें दर्पण हैं।

**निष्कर्ष** -I. कुछ दर्पण पुस्तकें हैं।
II. सभी पुस्तकें दर्पण हैं।

(1) केवल निष्कर्ष I सही है।
(2) केवल निष्कर्ष II सही है।
(3) दोनों निष्कर्ष सही हैं।
(4) ना तो निष्कर्ष I ना ही II सही है। (4)

**व्याख्या-** वेन आरेख बनाने पर-




**निष्कर्ष :**

I. कुछ दर्पण पुस्तकें हैं। (असत्य)
II. सभी पुस्तकें दर्पण हैं। (असत्य)
अत: ना तो निष्कर्ष I ना ही II सही है।

31. प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर लुप्त पद/संख्या/वर्णमाला ज्ञात कीजिये-
(6, 7, B), (19, 20, D), (?), (175, 176, K), (526, 527, P)

(1) (59, 60, H)
(2) (59, 60, G)
(3) (58, 59, G)
(4) (58, 59, H) (3)

**व्याख्या-**

$6 \xrightarrow{\times 3+1} 19 \xrightarrow{\times 3+1} \boxed{58} \xrightarrow{\times 3+1} 175 \xrightarrow{\times 3+1} 526$

$7 \xrightarrow{\times 3-1} 20 \xrightarrow{\times 3-1} \boxed{59} \xrightarrow{\times 3-1} 176 \xrightarrow{\times 3-1} 527$

$B \xrightarrow{+2} D \xrightarrow{+3} \boxed{G} \xrightarrow{+4} K \xrightarrow{+5} P$

**निर्देश ( प्र. सं. 32-34 ):**

निम्न सूचनाएँ सावधानीपूर्वक पढ़िये और इन प्रश्नों का उत्तर दीजिये।
A, B, C, D और E पाँच भाई हैं। A, B से उम्र में दुगुना है। C, B से उम्र में आधा है। A की उम्र E से आधी है। C, D से उम्र में दुगुना है।

32. A छोटा है-

(1) B से
(2) E से
(3) D से
(4) C से (2)

**व्याख्या-** A, B से उम्र में दुगुना है ⇒ A = 2B
C, B से उम्र में आधा है ⇒ B = 2C
A की उम्र E से आधी है ⇒ 2A = E
C, D से उम्र में दुगुना है ⇒ C = 2D
सभी स्थितियों की तुलना करने पर-
2A = E = 4B = 8C = 16D
⇒ 2A = 4B = 8C = E = 16D
∵ जिसका गुणांक सबसे ज्यादा है वह सबसे छोटा होगा तथा जिसका गुणांक सबसे कम है वह सबसे बड़ा होगा।
अत: सभी की उम्र का अवरोही क्रम इस प्रकार होगा-
E > A > B > C > D
अत: A केवल E से छोटा है।

33. यदि B की आयु 16 वर्ष है, तो D की आयु क्या है?

(1) 4 वर्ष
(2) 8 वर्ष
(3) 32 वर्ष
(4) 64 वर्ष (1)

**व्याख्या-** 4B = 16D से-

$$D = \frac{4}{16} B$$

$$D = \frac{4}{16} \times 16 \quad (\because B = 16 \text{ वर्ष})$$

$\therefore$ D = 4 वर्ष

34. सबसे छोटा कौन है?

(1) D (2) C (3) B (4) A (1)

**व्याख्या-** सबसे छोटा D है।

35. निम्न में से असंगत ज्ञात कीजिये-

(1) ABDF
(2) CQBN
(3) PQXZ
(4) PRMN (1)

**व्याख्या-** CQBN, PQXZ तथा PRMN में सभी अक्षर व्यंजन हैं, जबकि ABDF में एक अक्षर स्वर है।

36. निम्न प्रश्न के अनुगामी तीन कथन I, II और III दिए गए हैं। यह तय कीजिए कि दिए गए कथनों में से कौनसा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए आवश्यक नहीं है/हैं और इसलिए उसे/उन्हें छोड़ सकते हैं-
स्नानघर के फर्श को ढकने के लिए कितनी टाइल्स की आवश्यकता होगी?

(I) फर्श का क्षेत्रफल 400 वर्ग मीटर है।
(II) प्रत्येक टाइल का माप 10 सेमी × 20 सेमी है।
(III) फर्श का माप 16 मीटर × 25 मीटर है।

(1) केवल I
(2) केवल III
(3) कथन I या कथन III में से किसी एक को हटा सकते हैं।
(4) तीनों कथनों में से किसी भी कथन को नहीं हटा सकते। (3)

**व्याख्या-** स्नानघर के फर्श को ढकने के लिए आवश्यक टाइल्स की संख्या

$$= \frac{\text{फर्श का क्षेत्रफल}}{\text{एक टाइल का क्षेत्रफल}}$$

कथन I और II से अभीष्ट टाइलों की संख्या

$$= \frac{400}{\frac{10}{100} \times \frac{20}{100}} = \frac{400 \times 100 \times 100}{10 \times 20}$$

= 20000 टाइल्स

कथन II और III से अभीष्ट टाइलों की संख्या

$$= \frac{16 \times 25}{\frac{10}{100} \times \frac{20}{100}}$$

$$= \frac{16 \times 25 \times 100 \times 100}{10 \times 20} = 20000 \text{ टाइल्स}$$

अत: प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I या कथन III में से किसी एक को हटा सकते हैं।



Visit CollegeDekho


37. नीचे दिए गए प्रश्न में चिह्न ' :: ' के बायीं तरफ दोनों पदों के मध्य तर्क को पहचानिये। वही तर्क चिह्न ' :: ' के दायीं तरफ वाले दोनों पदों पर लागू करके प्रश्न के लिये सही विकल्प ज्ञात कीजिये-

BEGK : ADFJ :: PSVY : ?


(1) ORUX (2) QTWZ

(3) ORWX (4) QRUZ (1)

व्याख्या- जिस प्रकार-





उसी प्रकार-




38. पूर्णतया: लाल रंग से रंगे एक घन को समान आकार के 27 छोटे घनों में काटा जाता है। कितने छोटे घनों का केवल एक ही पृष्ठ रंगा हुआ है?

(1) 1 (2) 6 (3) 9 (4) 12 (2)

व्याख्या-



बड़े घन के प्रत्येक फलक के मध्य वाला छोटा घन ही ऐसा होगा जिसका केवल एक ही पृष्ठ रंगा होगा। अत: ऐसे छोटे घनों की कुल संख्या = 1 × 6 (फलकों की संख्या) = 6

39. निम्न दिए गए अक्षर तथा संख्या पर आधारित अनुक्रम के प्रश्न का उत्तर दीजिये-


EKM3P5RTVZ9DIFQX46GHJ28W

निम्न में से कौनसा अक्षर/संख्या बायीं ओर से छठे अक्षर/संख्या और दायीं ओर से नौवें अक्षर/संख्या के ठीक मध्य में स्थित है?

(1) 9 (2) D

(3) I (4) Z (1)

व्याख्या-




बायीं ओर से छठा अक्षर/संख्या = 5

दायीं ओर से नवां अक्षर/संख्या = X

अत: 5 एवं X के ठीक मध्य स्थित अक्षर / संख्या = 9

**निर्देश ( प्र. सं. 40-42 ):**

निम्न सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़िये और दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिये।


P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्त के चारों ओर केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। S, R अथवा T का पड़ोसी नहीं है। P, Q और R का पड़ोसी है। V जो S के बायीं ओर द्वितीय स्थान पर है, U और T का पड़ोसी है।

40. R का स्थान क्या है?

(1) Q के बायीं ओर द्वितीय स्थान (2) U के दायीं ओर तृतीय स्थान

(3) P के एकदम दायीं ओर (4) इनमें से कोई नहीं (3)

व्याख्या-




विकल्प (3) से- R, P के एकदम दायीं ओर है।

41. निम्न में से कौनसा सही नहीं है?

(1) V, U और T के मध्य है (2) P, Q के एकदम बायीं ओर है

(3) R, P के एकदम दायीं ओर है (4) S, Q और U के मध्य है (2)


व्याख्या- विकल्प (2) से- P, Q के एकदम बायीं ओर है, असत्य है क्योंकि P, Q के एकदम दायीं ओर है।

42. यदि T और U अपने स्थान परस्पर बदल लेते हैं, तो T का स्थान क्या होगा?

(1) S के एकदम दायीं ओर (2) V के एकदम बायीं ओर

(3) V और S के मध्य (4) Q के एकदम बायीं ओर (3)


व्याख्या-





यदि T और U अपने स्थान परस्पर बदल लेते हैं तो विकल्प (3) से – T, V और S के मध्य है।

43. निम्न चार चित्रों में से कौनसा चित्र खिलाड़ी, मनुष्य एवं विद्यार्थी को दर्शाता है?

(1)  (2) 

(3)  (4)  (2)

व्याख्या-




44. यदि घड़ी 6:20 दर्शाती है और यदि मिनट की सुई उत्तर-पूर्व की ओर इशारा करती है, तो घंटे की सुई किस दिशा में इंगित करेगी?


(1) पूर्व (2) उत्तर-पश्चिम

(3) पश्चिम (4) दक्षिण-पूर्व (4)



Visit CollegeDekho

व्याख्या-




अत: 6:20 बजे घंटे की सूई दक्षिण-पूर्व दिशा को इंगित करेगी।

45. 1200 व्यक्तियों का एक समूह रेलगाड़ी में यात्रा कर रहा है, जिसमें कप्तान एवं सैनिक हैं। यदि प्रत्येक 15 सैनिकों पर एक कप्तान हो, तो समूह में कप्तानों की संख्या होगी-

(1) 75 (2) 76
(3) 80 (4) 82 (1)


**व्याख्या-** ∵ 1200 व्यक्तियों के समूह में कप्तानों की संख्या = 15 सैनिक व एक कप्तान के समूह की संख्या

अत: समूह में कप्तानों की संख्या = $\frac{1200}{(15+1)}$

= $\frac{1200}{16} = 75$

**निर्देश ( प्र. सं. 46-47 ):**

निम्नलिखित वेन आरेख का निरीक्षण करें और प्रश्नों का उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन करें।





वर्ग फुटबॉल खिलाड़ियों को दर्शाता है।
वृत्त क्रिकेट खिलाड़ियों को दर्शाता है।
त्रिभुज कबड्डी खिलाड़ियों को दर्शाता है।

46. कितने खिलाड़ी क्रिकेट और फुटबॉल नहीं खेलते हैं?

(1) 24 (2) 58
(3) 64 (4) 72 (2)

**व्याख्या-**




58 खिलाड़ी क्रिकेट और फुटबॉल नहीं खेलते।

47. कितने खिलाड़ी केवल एक खेल खेलते हैं?


(1) 151 (2) 216
(3) 183 (4) 210 (4)

**व्याख्या-** (58 + 72 + 80) = 210 खिलाड़ी केवल एक खेल खेलते हैं।

48. P, Q, R और S ताश खेल रहे हैं। P और Q भागीदार हैं। S का मुख उत्तर दिशा की ओर है। यदि P का मुख पश्चिम दिशा की ओर है, तो किसका मुख दक्षिण दिशा की ओर है?

(1) P (2) Q (3) R (4) S (3)

**व्याख्या-**





अत: R का मुख दक्षिण दिशा की ओर है।

**निर्देश ( प्र. सं. 49 - 50 ):**


निम्नांकित प्रश्नों में प्रत्येक में कुछ संख्याओं वाली आकृतियों का एक समूह दिया है। यह मानते हुए कि प्रत्येक समूह की संख्याएँ एक निश्चित पैटर्न का अनुसरण करती हैं, प्रत्येक प्रश्न की लुप्त संख्या को ज्ञात कीजिए।

49.




(1) 235 (2) 257
(3) 219 (4) 175 (1)


**व्याख्या-**




[769 – 543 = 226] [523 – 349 = 174] [695 – 460 = 235 ]


अत: प्रश्नवाचक चिह्न ( ? ) के स्थान पर 235 आयेगा।

50.




(1) 30 (2) 25 (3) 16 (4) 9 (2)

**व्याख्या-**




$[(16-6)^2 + (5-2)^2 = 109]$ $[(22-15)^2 + (21-19)^2 = 53]$ $[(17-13)^2 + (51-48)^2 = 25]$

अत: प्रश्नवाचक चिह्न ( ? ) के स्थान पर 25 आयेगा।



Visit CollegeDekho

51. राजस्थान के एकीकरण के चरणों में सबसे बड़ा चरण किसे माना जा सकता है?
(1) प्रथम (2) तृतीय
(3) चतुर्थ (4) पञ्चम (3)
**व्याख्या-** इसी चरण में चार बड़ी रियासतों का राजस्थान संघ में विलय हुआ। इस चरण के संपन्न होने के दिन (30 मार्च) को ही राजस्थान का गठन माना जाता है। अत: यह दिन राजस्थान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

52. अंक्षाशीय स्थिति के अनुसार राजस्थान के कौनसे जिले उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में स्थित हैं?
(1) बाँसवाड़ा (2) उदयपुर, डूँगरपुर
(3) कोटा, चित्तौड़गढ़ (4) कोटा, सवाईमाधोपुर (1)
**व्याख्या-** कर्क रेखा बाँसवाड़ा जिले के मध्य से होकर गुजरती है। अत: बाँसवाड़ा जिला उष्ण कटिबंध में स्थित है।

53. राजस्थान में प्रचलित किस त्योहार में स्त्रियाँ एकत्रित होकर कुम्हार के घर जाकर छिद्र किए हुए एक घड़े में दीपक रखकर अपने घर गीत गाती हुई लौटती हैं-
(1) शीतलाष्टमी (2) धुलंडी
(3) तिल चौथ (4) घुड़ला का त्योहार (4)
**व्याख्या-**यह त्योहार राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र में चैत्र कृष्णा अष्टमी को मनाया जाता है।

54. किस अभिलेख को कर्नल टॉड द्वारा इंग्लैण्ड ले जाते समय समुद्र में फेंक दिया गया था?
(1) मंडोर का अभिलेख (2) अपराजित का शिलालेख
(3) मानमोरी का लेख (4) कणसवा का लेख (3)
**व्याख्या-**इस अभिलेख में भोज के पुत्र मान द्वारा मानसरोवर झील (चित्तौड़) के निर्माण का भी उल्लेख है। इसमें चित्तौड़ दुर्ग का निर्माण करने वाले मौर्य शासक चित्रांग (चित्रांगद) का वर्णन भी है।

55. डूँगरपुर में प्रजामण्डल की स्थापना किसकी अध्यक्षता में हुई?
(1) गौरीशंकर उपाध्याय (2) हरिदेव जोशी
(3) भोगीलाल पाण्ड्या (4) माणिक्यलाल वर्मा (3)
**व्याख्या-** 26 जनवरी, 1944 को प्रजामण्डल की स्थापना में अन्य मुख्य सहयोगी व सदस्य श्री गौरी शंकर, श्री हरिदेव जोशी, श्री माणिक्यलाल वर्मा व श्री शिवलाल कोटड़िया थे।

56. राजस्थानी लिपि के अशुद्ध रूप को कहते हैं-
(1) मुड़िया लिपि (2) खराड़ी लिपि
(3) रांगड़ी लिपि (4) नीमाड़ी लिपि (1)
**व्याख्या-**मुड़िया लिपि 'महाजनी या बाणियावाटी' लिपि भी कहलाती है। यह लिपि बाँयी से दाँयी ओर लिखी जाती है।

57. राजस्थानी वेशभूषा में वर-वधू गठबंधन का वस्त्र क्या कहलाता है?
(1) दोड़ (2) धटी
(3) ताखी (4) पटणी (2)
**व्याख्या-दोड़-** आपस में मिले दो सूती वस्त्र।
**ताखी** - छोटे बच्चों का सिर ढकने का वस्त्र विशेष।
**पटणी** - एक बहुमूल्य वस्त्र विशेष।

58. निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है?
(1) पशु-पक्षियों के सैट - जयपुर
(2) रेजी - चक
(3) रमकड़ा उद्योग - काँकरोली
(4) पत्थर की मूर्तियाँ - जयपुर (3)
**व्याख्या-** रमकड़ा उद्योग - गलियाकोट, डूँगरपुर।

59. नीमच छावनी में 1857 की क्रांति भड़कने से पूर्व भारतीय सैनिकों के कर्तव्य के प्रति वफादार रहने की शपथ को किस बहादुर सैनिक ने चुनौती दी थी?
(1) मंगल पाण्डे (2) मेहराब खान
(3) मोहम्मद अली बेग (4) रहमत अली (3)
**व्याख्या-**नीमच के सैनिकों में अंग्रेजों के प्रति असंतोष की अभिव्यक्ति मोहम्मद अली बेग ने कर्नल एबॉट को चुनौती देकर की।

60. राजस्थान से लोकसभा सदस्य के रूप में चुनी गई प्रथम महिला कौन थी?
(1) शारदा भार्गव (2) यशोदा देवी
(3) गिरिजा व्यास (4) गायत्री देवी (4)
**व्याख्या-** पूर्व महारानी गायत्री देवी ने स्वतंत्र पार्टी का गठन किया तथा तृतीय लोकसभा हेतु 1962 में हुए चुनावों में जयपुर से चुनी गई।

61. निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है?
**मेला** - **माह**
(1) अलवर महोत्सव - फरवरी
(2) बेणेश्वर मेला - फरवरी
(3) ब्रज महोत्सव - मार्च
(4) शेखावाटी महोत्सव - फरवरी (3)
**व्याख्या-**भरतपुर का ब्रज महोत्सव भी फरवरी में आयोजित होता है।

62. राजस्थान में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना का शुभारंभ कब हुआ था?
(1) 2 फरवरी, 2006 (2) 2 अक्टूबर, 2006
(3) 15 अगस्त, 2006 (4) 14 नवम्बर, 2006 (1)
**व्याख्या-** राजस्थान में इसका नाम '**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, राजस्थान**' है। यह योजना राज्य के सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में लागू है। इसका संचालन ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग, राजस्थान द्वारा किया जा रहा है।

63. काली उपजाऊ मिट्टी मुख्यत: किस भौतिक विभाग की विशेषता है?
(1) दक्षिणी पूर्वी पठारी भाग (2) पूर्वी मैदानी क्षेत्र
(3) अरावली पहाड़ी प्रदेश (4) लूनी बेसिन (1)
**व्याख्या-** काली मिट्टी मुख्य रूप से हाड़ौती के पठारी जिलों तथा स. माधोपुर व टोंक आदि में भी पाई जाती है।

64. राजस्थान में 'मानसून का जुआ' किसे कहा जाता है?
(1) उद्योगों को (2) कृषि को
(3) व्यापार को (4) इनमें से कोई नहीं (2)
**व्याख्या-** राज्य में सिंचाई सुविधाओं एवं भूजल की अत्यधिक कमी के कारण दो-तिहाई कृषि क्षेत्र वर्षा पर पूर्णतया निर्भर है। अत: जब अच्छी वर्षा हो जाती है तो कृषि उत्पादन अच्छा हो जाता है, परंतु जब वर्षा कम होती है या बाढ़ की स्थिति हो जाती है तो फसलें बहुत कम होती हैं। इसीलिए राज्य में कृषि को '**मानसून का जुआ**' कहते हैं।



Visit CollegeDekho

65. धौलीगंगा परियोजना किस राज्य में स्थापित की गई है?
(1) उत्तरप्रदेश (2) बिहार
(3) उत्तराखंड (4) पश्चिम बंगाल (3)
**व्याख्या-** यह परियोजना पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) में धौलीगंगा नदी पर स्थापित की गई है।

66. राजस्थान में निम्न में से किस स्थान पर चित्रित शैलाश्रयों की खोज की गई है?
(1) भानगढ़ (2) दर
(3) विराटनगर (4) ठिगारिया (2)
**व्याख्या-** इन चित्रों में मानवाकृति, व्याघ्र, बारहसिंगा तथा सूर्य आदि का चित्रांकन प्रमुखता से किया गया है। 'दर' भरतपुर में स्थित है।

67. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अक्टूबर, 2019 में नगर निगम पार्षद के चुनाव हेतु अधिकतम चुनाव खर्च सीमा कितनी निर्धारित की है?
(1) 2.5 लाख (2) 2 लाख
(3) 5 लाख (4) 1.5 लाख (1)
**व्याख्या-** यह चुनाव खर्च सीमा नगर परिषद चुनाव हेतु 1.5 लाख एवं नगरपालिका चुनाव हेतु 1 लाख निर्धारित की गई है।

68. राजस्थान का कौनसा राष्ट्रीय उद्यान प्रवासी पक्षी 'साइबेरियन क्रेन' के लिए जाना जाता है?
(1) सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य
(2) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान
(3) रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान
(4) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (4)
**व्याख्या-** भरतपुर में स्थित केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान का सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान है। इसे 'पक्षियों का स्वर्ग' कहते हैं। इसे 1 अक्टूबर, 1981 को 'रामसर साइट' घोषित किया गया। अन्तरराष्ट्रीय पक्षी सफेद सारस (साइबेरियन क्रेन) यहाँ सर्दी में आते हैं।

69. 'छप्पन मैदान' सम्बन्धित है-
(1) मध्य माही बेसिन से (2) हाड़ौती पठार से
(3) अर्द्ध-शुष्क प्रदेश से (4) पूर्वी मैदानों से (1)
**व्याख्या-** माही व उसकी सहायक नदियों द्वारा निर्मित मैदानी भाग जो बाँसवाड़ा व प्रतापगढ़ के बीच स्थित है, 'छप्पन का मैदान' के नाम से जाना जाता है।

70. साहित्यिक रचना 'पगफैरों' के रचयिता थे-
(1) विजयदान देथा (2) मणि मधुकर
(3) मणि भास्कर (4) सीताराम लालस (2)
**व्याख्या-** 'कालो घोड़ो', 'नरक वाड़ो', 'सोजत गेट', 'अम्बा दास रो चितराम', 'पगफैरों' मणि मधुकर की प्रमुख रचनाएँ हैं।

71. जयपुर मेट्रो की 'ट्रैक गेज' कितनी है?
(1) 1435 मिमी (2) 1580 मिमी
(3) 1335 मिमी (4) 1485 मिमी (1)
**व्याख्या-** 3 जून, 2015 को जयपुर मेट्रो के फेज-1A (मानसरोवर से चाँदपोल) का तथा 23 सितम्बर, 2020 को फेज-1B (बड़ी चौपड़ तक) का उद्घाटन किया गया।

72. राजस्थान में झुंझुनूँ की प्रसिद्ध 'राणी सती' का वास्तविक नाम क्या था?
(1) गिन्नी देवी (2) कमला देवी
(3) लक्ष्मी देवी (4) नारायणी देवी (4)
**व्याख्या-** अग्रवाल जाति की राणी सती का वास्तविक नाम नारायणी था। इनका विवाह तनधन दास से हुआ था परन्तु उनकी मृत्यु के बाद नारायणी सती हो गई। इन्हें 'दादीजी' भी कहते हैं।

73. 'अष्टछाप कवि मण्डली' का गठन किसने किया था?
(1) माध्वाचार्य (2) दादूदयाल
(3) विट्ठलनाथ (4) सुन्दरदास (3)
**व्याख्या-** 'अष्टछाप कवि मण्डली' का संगठन महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य के पुत्र श्री विट्ठलनाथ द्वारा किया गया। इसमें कुल 8 शिष्य थे, जो निम्न थे-
**वल्लभाचार्य के शिष्य-** कुंभनदास, सूरदास, परमानंददास व कृष्णदास।
**विट्ठलनाथ के शिष्य-** छीतस्वामी, गोविंदस्वामी, नन्ददास व चतुर्भुजदास।

74. निम्न में से कौनसा राजस्थान का प्रसिद्ध लोक नृत्य नहीं है?
(1) तुर्रा-कलंगी (2) भवाई
(3) कालबेलिया (4) कच्छी घोड़ी (1)
**व्याख्या-** तुर्रा-कलंगी एक लोक नाट्य है। इसका प्रमुख वाद्य यंत्र चंग होता है। इसका प्रमुख क्षेत्र घोसुण्डा, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़ है।

75. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

| पर्यटन स्थल | | जिला/स्थान |
|---|---|---|
| (1) पाण्डुपोल | - | अलवर |
| (2) सास-बहू मन्दिर | - | नागदा |
| (3) मीठे शाह की दरगाह | - | झालावाड़ |
| (4) मण्डोर | - | जयपुर |

(4)
**व्याख्या-** मण्डोर पर्यटन स्थल जोधपुर में स्थित है। मण्डोर मारवाड़ नरेशों की पूर्व राजधानी थी। यहाँ जोधपुर के शासकों की छतरियाँ बनी हुई हैं।

76. राजस्थान सरकार की नवीनतम जनसंख्या नीति की घोषणा की गई थी-
(1) 20 मार्च, 2020 को (2) 20 जनवरी, 2020 को
(3) 20 मार्च, 2021 को (4) 20 जनवरी, 2021 को (2)

77. 'मरु विकास कार्यक्रम' की शुरुआत हुई थी-
(1) 1974-75 में (2) 1977-78 में
(3) 1995-96 में (4) 1964-65 में (2)
**व्याख्या-** मरु विकास कार्यक्रम 1977-78 में प्रारम्भ किया गया जिसमें 1 अप्रैल, 1999 को केन्द्र व राज्य का योगदान 75 : 25 कर दिया गया। यह कार्यक्रम 16 जिलों में क्रियान्वित किया गया लेकिन अब इसे समाप्त कर दिया गया है।

78. निम्न में से कौनसा राजस्थान का जल-दुर्ग है?
(1) अचलगढ़ (माउण्ट आबू)
(2) मेहरानगढ़ (जोधपुर)
(3) गागरोन (झालावाड़)
(4) चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़) (3)
**व्याख्या-** गागरोन (झालावाड़) एक जल दुर्ग है। यह आहू व कालीसिंध नदियों के संगम पर स्थित है। अचलगढ़, मेहरानगढ़ और चित्तौड़ दुर्ग गिरि दुर्ग की श्रेणी में आते हैं।

79. सिवाणा किले का निर्माण करवाया था-
(1) राजा भोज ने (2) वीरनारायण ने
(3) अखैराज ने (4) सातलदेव ने (2)
**व्याख्या-** सिवाणा किले का निर्माण राजा भोज के पुत्र वीर नारायण पंवार द्वारा करवाया गया। यह किला बाड़मेर जिले की हल्देश्वर पहाड़ी पर स्थित है। इसको **'जालौर दुर्ग की कुंजी'** कहा जाता है।

80. राजस्थान की कौनसी चित्रकला शैली चौरपंचाशिका शैली से मिलती-जुलती है?
(1) किशनगढ़ शैली (2) मेवाड़ शैली
(3) बीकानेर शैली (4) भरतपुर शैली (2)


Visit CollegeDekho

**व्याख्या-** मेवाड़-शैली का सर्वप्रथम मूल स्वरूप चौर-पंचाशिका ग्रंथ के चित्रों में दिखाई देता है। चौर-पंचाशिका या विल्हण पंचाशिका के 50 छंद कश्मीर के प्रसिद्ध कवि विल्हण द्वारा रचे गए।

81. 'पिछवाई' पेंटिंग्स कौनसी शैली से सम्बन्धित हैं?
(1) किशनगढ़ शैली (2) मारवाड़ शैली
(3) शेखावाटी शैली (4) नाथद्वारा शैली (4)

**व्याख्या-** नाथद्वारा शैली की प्रमुख देन 'पिछवाइयाँ' थी। पिछवाई श्रीनाथजी की प्रतिमा के पीछे लगाई जाने वाली चित्रकृति है। नरोत्तम नारायण शर्मा इसके प्रमुख चित्रकार हैं।

82. निम्न में से कौनसी 'मृत नदी' के रूप में जानी जाती है?
(1) बनास (2) घग्घर
(3) लूनी (4) माही (2)

**व्याख्या-** घग्घर नदी का उद्‌गम हिमाचलप्रदेश में कालका, शिमला के पास शिवालिक की पहाड़ियों से होता है। यह नदी तलवाड़ा गाँव (टिब्बी, हनुमानगढ़) के पास राजस्थान में प्रवेश करती है। इसे 'मृत नदी' कहा जाता है।

83. राजस्थान का कौनसा शहर 'सफेद शहर' के नाम से जाना जाता है?
(1) ब्यावर. (2) राजसमंद
(3) मकराना (4) उदयपुर (4)

**व्याख्या-** उदयपुर को 'झीलों की नगरी', 'राजस्थान का कश्मीर', 'पूर्व का वेनिस' तथा 'सिटी ऑफ फाउंटेन एंड माउंटेन' भी कहा जाता है।

84. राजस्थान में 'गार्नेट' के भण्डार मुख्यत: पाये जाते हैं-
(1) सवाई माधोपुर में (2) कालीबंगा में
(3) टोंक में (4) पीलीबंगा में (3)

**व्याख्या-** तामड़ा/गार्नेट को 'रक्त मणि' और फिरोजा भी कहते हैं। यह दो प्रकार का होता है- एब्रेसिव व जेम। राजस्थान में यह टोंक, अजमेर, उदयपुर, भीलवाड़ा, जयपुर में मिलता है। टोंक में जैम गार्नेट के सर्वाधिक भंडार हैं।

85. राजस्थान के किन जिलों में 'खस' घास उत्पादित होती है?
(1) झालावाड़ और बाराँ
(2) चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा
(3) भरतपुर और स. माधोपुर
(4) जैसलमेर और बाड़मेर (3)

**व्याख्या-** खस एक विशिष्ट प्रकार की घास होती है जो शरबत व इत्र बनाने में प्रयुक्त होती है। यह टोंक, स. माधोपुर व भरतपुर जिलों में उत्पन्न होती है।

86. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान के किस जिले में न्यूनतम लिंगानुपात पाया जाता है?
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) जैसलमेर (4) धौलपुर (4)

**व्याख्या-** जनगणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक लिंगानुपात डूँगरपुर (994) व सबसे कम लिंगानुपात धौलपुर (846) है।

87. राजस्थान के गोलिया व हनोतिया में स्रोत हैं-
(1) टंगस्टन के (2) ताँबा के
(3) मार्बल के (4) मैंगनीज के (2)

**व्याख्या-** खेतड़ी-सिंघाना (झुंझुनूं) राजस्थान का प्रमुख ताँबा उत्पादक क्षेत्र है।
**अन्य उत्पादक क्षेत्र-**
अलवर- खो दरीबा, प्रतापगढ़, भगोनी आदि।
खेड़ा सिरोही- देलवाड़ा किरोवली, गोलिया, पिपेला आदि।
उदयपुर- ऊमरा, अकोला व सलूम्बर आदि।
अजमेर- हनोतिया, श्रीनगर, तारागढ़ आदि।

89. राजस्थान में प्रथम विद्रोह कहाँ और कब हुआ?
(1) ऐरिनपुरा; 28 जुलाई, 1857
(2) खेरवाड़ा; 28 मई, 1857
(3) ब्यावर; 28 जून, 1847
(4) नसीराबाद; 28 मई, 1857 (4)

**व्याख्या-** राजस्थान में सर्वप्रथम 1857 ई. की क्रांति का विद्रोह 28 मई, 1857 को नसीराबाद (अजमेर) में हुआ। यहाँ पर 15वीं बंगाल नेटिव इन्फेन्ट्री के सैनिकों ने विद्रोह किया था।

90. राजस्थान सरकार द्वारा जारी किया गया 'आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम निम्नलिखित में से किसकी जागरूकता के लिए है?
(1) भूमि सुधार (2) बच्चों के विरुद्ध अपराध
(3) किसान सहयोग
(4) वृद्धजनों के विरुद्ध अपराध (2)

**व्याख्या-** बालकों की समस्याओं को जानने तथा उनका मौके पर निस्तारण करने के लिए राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 'बाल आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम शुरू किया गया।

91. दुरसा आढ़ा ने अपनी डिंगल कविताएँ किस शासक के पक्ष में लिखी थीं?
(1) महाराणा प्रताप (2) पृथ्वीराज चौहान
(3) हम्मीर (4) राणा सांगा (1)

**व्याख्या-** दुरसा आढ़ा की रचनाओं में मेवाड़ के राणा प्रताप, राव चन्द्रसेन और राव सुरताण के देशप्रेम का चित्रण किया गया है। विरुद छहत्तरी, किरतार बावनी आदि इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं। विरुद छहत्तरी महाराणा प्रताप की शौर्यगाथा है और किरतारबावनी में उस समय की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बतलाया गया है।

92. भक्ति संत 'रज्जब' सम्बन्धित थे-
(1) दादूपंथ से (2) जसनाथी पंथ से
(3) विश्नोई पंथ से (4) रामस्नेही पंथ से (1)

**व्याख्या-** संत सुंदरदासजी, संत रज्जबजी, संत बालिंदजी, संत गरीबदासजी, संत जगन्नाथजी मिस्किन दास जी आदि दादूदयालजी के प्रमुख शिष्य थे। दादू के 52 प्रमुख शिष्यों को **'दादू पंथ के बावन स्तम्भ'** कहा जाता है।

93. 'फुटवियर डिजाइन एण्ड डेवलपमेंट इन्स्टीट्यूट' स्थित है-
(1) जोधपुर में (2) बाड़मेर में
(3) जयपुर में (4) भीनमाल में (1)

**व्याख्या-** फुटवियर डिजाइन एवं डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (FDDI) FDDI Act. 2017 के तहत राष्ट्रीय महत्त्व का संस्थान है। इसकी स्थापना 1986 में हुई। सम्पूर्ण भारत में 12 FDDI कैंपस हैं। राजस्थान में यह जोधपुर में स्थित है।

94. राजस्थान का कौनसा शहर 'सौ द्वीपों का शहर' कहलाता है?
(1) डूँगरपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) उदयपुर (4) अजमेर (2)

**व्याख्या-** बाँसवाड़ा में माही बजाज सागर बाँध के कारण बने टापुओं के कारण इसे **'सौ द्वीपों का शहर'** कहा जाता है। इसे **लोदी काशी** के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ आर्थूणा के मंदिर, त्रिपुर सुंदरी मंदिर, मानगढ़ धाम आदि प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

95. नानकजी भील का सम्बन्ध निम्न में से किस किसान आन्दोलन से था?
(1) मारवाड़ किसान आन्दोलन
(2) शेखावाटी किसान आन्दोलन
(3) बेगूँ किसान आन्दोलन
(4) बूँदी किसान आन्दोलन (4)



Visit CollegeDekho

**व्याख्या**- अप्रैल, 1922 को बूँदी राज्य के बरड़ क्षेत्र के किसानों ने बूँदी प्रशासन के विरुद्ध आन्दोलन प्रारम्भ किया। इस आन्दोलन का नेतृत्व राजस्थान सेवा संघ के कार्यकर्ता नैनूराम ने किया। 2 अप्रैल, 1923 को डाबी में किसानों की सभा पर बूँदी के पुलिस अधीक्षक इकराम हुसैन ने गोलियाँ चलवा दीं जिसमें दो किसान नानक भील और देवलाल गुर्जर मारे गये।

96. राजस्थान में जनजाति बालकों के लिए पहली हॉकी अकादमी स्थापित की जाएगी-
(1) बाँसवाड़ा में (2) उदयपुर में
(3) डूँगरपुर में (4) प्रतापगढ़ में (2)

**व्याख्या**- राज्य की पहली जनजाति बालक हॉकी अकादमी का शुभारम्भ विश्व जनजाति दिवस (9 अगस्त, 2021) पर उदयपुर में किया गया।

98. प्रसिद्ध रचना 'लीलटांस' के लेखक थे-
(1) विजयदान देथा (2) कन्हैयालाल सेठिया
(3) सीताराम लालस (4) सूर्यमल्ल मिश्रण (2)

**व्याख्या**- कन्हैयालाल सेठिया की प्रमुख रचनाएँ पाथल और पीथल, मींझर, लीलटांस, हेमाणी आदि हैं। 'लीलटांस' के लिए इन्हें वर्ष 1976 में राजस्थानी भाषा के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया।

99. राजस्थान के रिफायनरी प्रोजेक्ट में निम्नलिखित में कौन हिस्सेदार हैं?
(1) ONGC और HPCL
(2) केयर्न एनर्जी और HPCL
(3) राजस्थान सरकार और HPCL
(4) ONGC और राजस्थान सरकार (3)

**व्याख्या**- राजस्थान रिफाइनरी परियोजना पचपदरा, बाड़मेर में स्थापित की गई। इसमें राजस्थान सरकार की 26% एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) की 74% भागीदारी है।

100. राजस्थान की निम्न पर्वत चोटियों को ऊँचाई के बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए-
(1) नाग पहाड़, खोह, दिलवाड़ा, गुरुशिखर
(2) खोह, नाग पहाड़, दिलवाड़ा, गुरुशिखर
(3) नाग पहाड़, दिलवाड़ा, खोह, गुरुशिखर
(4) खोह, दिलवाड़ा, नाग पहाड़, गुरुशिखर (1)

**व्याख्या**- नागपहाड़ (अजमेर) - 795 मी.
खोह (जयपुर) - 920 मी.
दिलवाड़ा (सिरोही) - 1442 मी.
गुरुशिखर (सिरोही) - 1722 मी.

## भाग स : शिक्षण अभिक्षमता

101. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन में ग्रेडिंग प्रणाली का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण प्रयोजन है-
(1) छात्रवृत्ति चुनाव
(2) विद्यार्थियों के औपचारिक एवं कार्यालयी अभिलेखों की आवश्यकता पूर्ति
(3) विभेदीकरण के लिए सूचना प्रदान करना
(4) अगली ग्रेड (श्रेणी) में प्रोन्नत (4)

**व्याख्या:** सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक एवं सह शैक्षणिक पहलुओं का पूर्ण मूल्यांकन करना होता है। यह पूरे वर्षभर छात्रों के अवलोकन पर आधारित होता है एवं यह छात्रों के अगले श्रेणी में पदोन्नत करने के उद्देश्य से किया जाता है।

102. विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का सबसे महत्त्वपूर्ण सूचक है-
(1) विद्यालय की आधारभूत सुविधाएँ
(2) कक्षा-कक्ष प्रणाली
(3) पाठ्य-पुस्तक एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री
(4) विद्यार्थियों का उपलब्धि स्तर (4)

**व्याख्या:** किसी छात्र का प्रदर्शन कैसा रहेगा यह इस बात पर निर्भर करता है कि उसे दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता कैसी है। छात्र के उपलब्धि ही यह प्रदर्शित करती है कि उसे दी जा रही शिक्षा का स्तर कैसा है।

103. सृर्जनशीलता को परिभाषित किया जा सकता है-
(1) मौलिक विचार निर्माण से
(2) मौलिक उत्तर और समाधान सुझावों से
(3) मौलिक विचार, समाधान और उत्तर निर्माण से
(4) समस्या की सही अनुक्रिया के चुनाव से (3)

**व्याख्या:** सृजनशीलता का तात्पर्य यह होता है कि आप किसी परिस्थिति में किस प्रकार से सोचते हैं, समस्या का समाधान करते हैं एवं किसी खास प्रश्नों का उत्तर या हल किस प्रकार निकालते हैं।

104. मूल्यांकन के वस्तुनिष्ठ प्रकार के परीक्षण पदों के गुणों को निम्नलिखित में से कौनसा सही रूप प्रदर्शित करता है?
(1) वैधता एवं विश्वसनीयता
(2) वस्तुनिष्ठता
(3) विश्वसनीयता, वैधता और तटस्थता
(4) सुविधाजनक और निर्माण में आसान (1)

**व्याख्या:** एक वस्तुनिष्ठ प्रकार के परीक्षण में वैधता एवं विश्वसनीयता का होना जरूरी होता है। इन्हीं गुणों की वजह से परीक्षण मानकीकृत हो पाता है।

105. व्याख्यान देते समय यदि कक्षा में कोई विघ्न-बाधा हो, तो शिक्षक को निम्नलिखित में से क्या करना चाहिए?
(1) कुछ देर के लिए चुप हो जाएँ और फिर से शुरू कर दें।
(2) जो बाधा डाल रहे हैं उन्हें दंडित करें
(3) जो बाधा डाल रहे हों, उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करें
(4) कक्षा में जो कुछ हो रहा है, उसके बारे में कोई परवाह न करें (3)

**व्याख्या:** अगर कक्षा-कक्ष में किसी भी प्रकार की बाधा छात्रों द्वारा उत्पन्न की जा रही है तो शिक्षक का मुख्य उद्देश्य यह जानना होना चाहिए कि छात्रों के व्यवहार के पीछे क्या कारण है। अगर उन्हें पाठ या (टॉपिक) समझ नहीं आ रहा है तो उन्हें किसी अन्य विधि से समझाने की कोशिश करें और उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करें।

106. विद्यालय में पाठ्य-सहगामी क्रियाओं का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है-
(1) बच्चों का सर्वांगीण विकास
(2) पाठ्यचर्या में अभिरुचि का विकास
(3) विद्यालय के वातावरण को आकर्षक बनाना
(4) अभिभावक-शिक्षक संबंध सशक्त बनाना (2)

**व्याख्या:** शिक्षण क्रियाकलाप के दौरान कक्षा कक्ष में पाठ्य सहगामी क्रियाओं का इस्तेमाल पाठन क्रिया को रुचिकर बनाने में किया जाता है। इससे विद्यार्थियों में सीखने की अभिक्षमता बढ़ती हैं।

Visit CollegeDekho

107.सामाजिक विकास का आधारभूत तत्त्व है-

(1) अभिभावक (2) समाज

(3) विद्यालय (4) पुस्तकें (2)

**व्याख्या:** किसी बालक का सामाजिक विकास समाज के मानक व नियम जो समाज के द्वारा तय किया जाता है उसे समाज में रखकर और समाज के साथ अंत: क्रिया कर के ही आत्मसात करता है। इस प्रकार बालक का सामाजिक विकास संभव हो पाता है।

108.नेतृत्व ............ के बारे में दृष्टि सृर्जन करना और उसे उपलब्ध/प्राप्त करना है।

(1) व्यक्तियों को अभिप्रेरित और प्रेरणा देने

(2) व्यक्तियों को प्रभावित करने, अभिप्रेरित करने और प्रेरणा देने

(3) व्यक्तियों को प्रभावित करने और नियंत्रित करने

(4) व्यक्तियों को नियंत्रित और शासित करने (2)

**व्याख्या:** नेतृत्व का मुख्य उद्देश्य व्यक्तियों को प्रभावित करना, अभिप्रेरित करना और प्रेरणा देना होता है। इन्हीं उद्देश्यों के कारण नेता एक संगठनात्मक लक्ष्य को बना पाता है और उसे प्राप्त करने हेतु परस्पर अग्रसर रहता है।

109.यदि आपसे किसी गंभीर विषय पर भाषण देने हेतु कहा जाए, जो आप-

(1) प्रधानाचार्य एवं/अथवा साथी शिक्षकों से सलाह करने के पश्चात् निर्णय लेंगे

(2) स्पष्ट मना करेंगे

(3) सहर्ष तैयार करेंगे

(4) कुछ देर का समय माँगेंगे (1)

**व्याख्या:** कभी-कभी विद्यालय परिसर में किसी शिक्षक को किन्हीं ज्वलंत मुद्दों या गंभीर विषय पर संभाषण देना पड़ता है। ऐसी परिस्थिति में यह उचित होता है कि शिक्षक प्राचार्य और अन्य शिक्षकों से उचित परामर्श ले।

110.कक्षा में छात्रों को प्रेरित करने के लिए, शिक्षकों को चाहिए कि-

(1) हमेशा अपने विद्यार्थियों की प्रशंसा करें

(2) हमेशा अपने विद्यार्थियों की आलोचना करें

(3) तार्किक रूप से प्रशंसा व आलोचना करें

(4) इस प्रकार से टिप्पणी करें कि वे न तो प्रशंसा, न ही आलोचना के रूप में हों (3)

**व्याख्या:** यदि किसी प्रशंसनीय कार्य के लिए किसी छात्र की प्रशंसा करनी हो या फिर किसी अप्रशंसनीय कार्य के लिए किसी छात्र की आलोचना करनी हो तो शिक्षक को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वे उनकी प्रशंसा और अवहेलना तार्किक रूप से अर्थात उनके कार्यों का तर्कसंगत विश्लेषण करके करें।

111.कक्षा में एक नया छात्र, शिक्षक से अपना परिचय देने के लिए कहता है। ऐसी स्थिति में शिक्षक को चाहिए कि-

(1) संक्षेप में अपना परिचय दे और विद्यार्थी से भी अपना परिचय देने को कहे

(2) संक्षेप में अपना परिचय दे और पढ़ाना शुरू करे

(3) विस्तार से अपना परिचय दे और पढ़ाना शुरू करे

(4) उसकी माँग पर ध्यान न दे और पढ़ाना शुरू करे (1)

**व्याख्या:** शिक्षक को यह पता चल जाए कि उनकी कक्षा में कोई नया छात्र आया है तो वैसी परिस्थिति में शिक्षक को अपना संक्षिप्त परिचय देना चाहिए व छात्र का परिचय लेना चाहिए। इससे उन्हें कक्षा में अंत: क्रिया में मदद मिलती है।

112.एक शिक्षक छात्रों के साथ संबंध स्थापित कर सकता है-

(1) अधिकार की शक्तियों का उपयोग करके

(2) उनके लिए मार्गदर्शक, मित्र और सूत्रधार बनकर

(3) उनके लिए मार्गदर्शक एवं मित्र बनकर

(4) उनका दोस्त बनकर (2)

**व्याख्या:** एक शिक्षक के लिए एवं उचित शिक्षण के लिए यह परम आवश्यक है कि शिक्षक एवं छात्र के बीच अंत: क्रिया हो और यह तभी संभव हो पाता है जब शिक्षक खुद को मार्गदर्शक मित्र एवं समस्याओं के हल ढूंढने वाले व्यक्ति के रूप में प्रदर्शित करे।

113.शिक्षण प्रक्रिया के लिए निम्नलिखित में से कौनसा कथन सर्वाधिक उपयुक्त है?

(1) एक परिस्थितिजन्य प्रक्रिया

(2) एक कार्यभिमुखी प्रक्रिया

(3) एक अन्त:क्रियात्मक प्रक्रिया

(4) छात्रों एवं अध्यापक के मध्य में कक्षा में सामान्य बातचीत (3)

**व्याख्या:** शिक्षण क्रिया के दौरान शिक्षक एवं छात्र एक-दूसरे के साथ अंत क्रिया करते हैं। अत: हम यह कह सकते हैं कि शिक्षण एक अंत: क्रियात्मक प्रक्रिया है।

114.शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है-

(1) भाषा कौशल का विकास

(2) सामाजिक नागरिकता का विकास

(3) व्यक्तित्व का विकास

(4) दण्ड (3)

**व्याख्या:** शिक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना होता है। छात्रों के जीवन के हर पहलुओं का विकास करना एवं उनका संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास करना शिक्षा का अहम उद्देश्य होना चाहिए।

115.बालिका शिक्षा आवश्यक है, क्योंकि-

(1) बालिकाएँ आगे चलकर अपने शिशुओं का मार्गदर्शन करेंगी

(2) वे आधुनिक हो जाएँगी

(3) बालिकाओं को भी प्रतिभा के उपयोग के अवसर प्राप्त होंगे

(4) बालिकाएँ समाज के बंधनों से मुक्त हो सकेंगी (3)

**व्याख्या:** समाज के सभी व्यक्तियों को शिक्षा का समान अवसर मिलना चाहिए जिससे उनकी योग्यता को बढ़ाया जा सके। इसलिए अगर बालिकाओं को भी उचित शिक्षा का अवसर दिया जाएगा तो वे भी अपनी प्रतिभा को बढ़ा पाएँगी और समाज में विभेद को कम कर पाएँगी।

116.एक शिक्षक की विफलता का सबसे महत्त्वपूर्ण कारण है-

(1) पारस्परिक संबंध

(2) विषय के ज्ञान पर अधिकार का अभाव

(3) मौखिक क्षमता

(4) छात्रों के साथ सख्ती (4)

**व्याख्या:** एक शिक्षक अगर कितना भी योग्य क्यों न हो यदि वह कक्षा में छात्रों के साथ सख्ती से पेश आता है तो उसका प्रभाव छात्रों पर नहीं रह पाता क्योंकि छात्र उससे सहजता से अंत:क्रिया नहीं कर पाते और शिक्षक व शिक्षण दोनों प्रभावी नहीं रह पाते।

117.शिक्षण की पूर्व क्रियात्मक अवस्था के दौरान निम्नलिखित में से कौनसा निर्णय लिया जाता है?

(1) शिक्षण विधियाँ

Visit CollegeDekho

(2) विषय-वस्तु, अनुभवों, विषय सामग्री एवं विधियाँ

(3) अधिगम विषय-वस्तु और शिक्षण विधियाँ

(4) अध्यापक और विद्यार्थियों की वास्तविक क्रिया (2)

**व्याख्या:** शिक्षण क्रिया के पहले एक शिक्षक के द्वारा कुछ बातों को ध्यान में रखना पड़ता है कि उसे क्या पढ़ाना है, किन-किन सामग्रियों की जरूरत पड़ेगी, छात्र का ज्ञान का स्तर क्या है और उन्हें शिक्षण के लिए किस विधि का प्रयोग करना है।

118.मान लीजिए कि एक छात्र अपनी समस्याओं को अपने शिक्षक के साथ साझा करना चाहता है और वह इस उद्देश्य के लिए शिक्षक के घर जाता है, शिक्षक को चाहिए कि-

(1) छात्र के माता-पिता से संपर्क करें और उसकी समस्या का समाधान करें

(2) उससे कहें कि जो भी बात है, विद्यालय में ही करें, घर ना आया करे

(3) प्राचार्य से संपर्क करें और उसकी समस्या का समाधान करें

(4) उचित सहायता प्रदान करें और उसका नैतिक उत्थान करें (4)

**व्याख्या:** अगर किसी छात्र को कोई समस्या हो रही है और वह किसी अन्य शिक्षक के साथ अपनी समस्या साझा करने में असहज महसूस कर रहा है तो ऐसी स्थिति में वह शिक्षक के घर जाकर भी समस्या का निवारण प्राप्त कर सकता है। इस स्थिति में शिक्षक को उसकी समस्या सुननी चाहिए और उसे सहायता भी करनी चाहिए जिससे कि उस छात्र में शैक्षणिक के साथ-साथ नैतिक व सामाजिक विकास हो सके।

119.विद्यालय की ओर जाते समय कोई अभिभावक आपको रोकता है और अपने बच्चे की प्रगति के विषय में पूछना चाहता है। इस स्थिति में, आप-

(1) अभिभावक से कहेंगे कि विद्यालय में आकर बात करें

(2) उसकी बात सुनकर उसे आश्वस्त करेंगे कि शीघ्र ही आप बच्चे की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करवा देंगे

(3) विस्तार से बच्चे के प्रगति के बारे में बताएँगे

(4) समय का ध्यान रखते हुए सधे हुए शब्दों में बच्चे की प्रगति के बारे में बताकर समय पर विद्यालय पहुँचने की चेष्टा करेंगे (4)

**व्याख्या:** अगर कोई अभिभावक किसी शिक्षक से बात करना चाहता है तो ऐसी स्थिति में भले ही शिक्षक के पास समय की कमी हो उन्हें कोशिश ये करनी चाहिए कि वे अभिभावक से थोड़ी देर बात करके उन्हें बच्चे के बारे में बताएँ। ऐसी परिस्थिति में शिक्षक अभिभावक को स्कूल आकर विस्तृत बात करने के लिए कह सकते हैं।

120.विद्यार्थी उस कार्य/टास्क को आसानी से याद कर लेते हैं, जिसकी विशेषता होती है-

(1) अर्थपूर्णता (2) समानता

(3) निम्न कठिनाई स्तर (4) विस्तारित (3)

**व्याख्या:** ऐसे विषय या टॉपिक जिनकी कठिनता का स्तर कम होता है विद्यार्थियों के लिए उन्हें समझना आसान होता हैं।

121.कक्षा के कुछ विद्यार्थियों की अनुपस्थित रहने की प्रवृत्ति के संदर्भ में-

(1) प्राचार्य और अभिभावकों को चिन्ता करनी चाहिए

(2) विद्यालय के अधिकरियों को विद्यालयी अनुशासन नियमों के अनुरूप उन विद्यार्थियों पर कार्यवाही करनी चाहिए

(3) विद्यार्थियों के अनुपस्थित रहने की प्रवृत्ति के कारणों का पता लगाना चाहिए।

(4) कक्षा के नियमित विद्यार्थियों की अपेक्षा उनको कम प्राथमिकता देनी चाहिए (3)

**व्याख्या:** अगर कुछ विद्यार्थी लगातार कक्षा में अनुपस्थित रहते हैं वैसी स्थिति में शिक्षक को यह पता लगाना चाहिए कि छात्र क्यों अनुपस्थित हैं? छात्रों को किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है? जब उचित कारण मिल जाए तो उनका समाधान के तरीकों पे विचार करना चाहिए, न कि उन्हें दंडित करना चाहिए।

122.छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार किया जा सकता है, यदि माता-पिता को प्रोत्साहित किया जाए कि वे-

(1) अपने बच्चे के काम का पर्यवेक्षण करें

(2) अतिरिक्त ट्यूशन की व्यवस्था करें

(3) अपने बच्चों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएँ

(4) बच्चे की प्रगति के बारे में शिक्षकों के साथ अक्सर बातचीत करें (4)

**व्याख्या:** यदि छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करना है तो अभिभावक और माता-पिता को यह कोशिश करते रहनी चाहिए कि वे शिक्षक के साथ लगातार बातचीत करें। इससे बच्चों को ये डर रहता है कि उनके अभिभावक उनके प्रदर्शन एवं उनके क्रियाकलाप के बारे में जानकारी रखते हैं। इनका असर यह होगा कि छात्र शिक्षक के प्रति सचेत रहेंगे।

123.आपका एक विद्यार्थी उत्तर पुस्तिकाओं में मूल्यांकन के लिए आप पर पक्षपात का आक्षेप लगाता है, आप इसे कैसे हल करेंगे?

(1) उसके आक्षेप को अस्वीकार करेंगे

(2) दण्डात्मक कार्यवाही अपनाएँगे

(3) उसकी वास्तविक स्थिति को दिखाने का प्रयास करेंगे

(4) उसकी उत्तर पुस्तिका तथा कुछ अन्य पुस्तिकाओं को उसे दिखाएँगे (3)

**व्याख्या:** अगर कोई छात्र अपनी उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं है और शिक्षक पर पक्षपात का आरोप लगाता है तो वैसी स्थिति में शिक्षक को उसे न तो दण्डित करना चाहिए और न ही उपेक्षा, बल्कि शिक्षक को उसके सामने उसके वास्तविक उत्तर को बताना चाहिए जिससे उसे उचित प्रतिक्रिया (फीडबैक) मिल सके।

124.कमजोर नेतृत्व का क्या परिणाम होगा?

(1) संगठन में टूटन

(2) संगठन में विद्रोह

(3) संगठन में नई शक्ति का उदय

(4) कोई प्रभाव नहीं (1)

**व्याख्या:** नेतृत्व का अर्थ होता है किसी व्यक्ति द्वारा अन्य व्यक्तियों व समूहों पर प्रभाव डालना एवं समूह के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रत्यत्नशील रहना व समूह को लक्ष्य उन्मुख व्यवहार के लिए प्रेरित करना। यदि किसी कारण से नेतृत्व कमजोर पड़ने लगता है तो सर्वप्रथम उसका प्रभाव संगठन के विघटन के रूप में दिखने लगता है और संगठन टूटना शुरू हो जाता है।

125.यदि आपको सामान्य छात्रों के साथ-साथ एक दृष्टिबाधित छात्र को पढ़ाने का अवसर मिले, तो आप उसे कक्षा में किस प्रकार का उपचार देना चाहेंगे?

(1) उस पर अतिरिक्त ध्यान नहीं देंगे क्योंकि विद्यार्थियों के बहुमत को परेशानी हो सकती है

(2) कक्षा में सहानुभूतिपूर्वक उसका ध्यान रखेंगे

(3) आप सोचेंगे कि उसके भाग्य में अंधापन है, अतः आप कुछ नहीं कर सकते

(4) आगे की पंक्ति में सीट की व्यवस्था करेंगे और उसके लिए सुविधाजनक गति से पढ़ाने का प्रयास करेंगे (4)

Visit CollegeDekho

**व्याख्या:** एक शिक्षक को कक्षा में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कक्षा में कोई दिव्यांग तो नहीं है। अगर ऐसा कोई छात्र कक्षा में हो तो उसके लिए शिक्षण के खास तरीकों का प्रयोग करे, उनके बैठने का उचित स्थान का प्रबंध करे जिससे कि वह कक्षा में सहज महसूस कर सके। शिक्षक को भी यह ध्यान रखना चाहिए कि कक्षा में ऐसे विशिष्ट छात्रों के अनुसार ही पढ़ाने की गति को रखे।

126.विद्यालय मूल रूप से सामाजिक संस्थाएँ हैं, क्योंकि-

(1) वे हमारी संस्कृति की भावी पीढ़ियों के मूल्यों को संरक्षित और स्थापित करते हैं

(2) वे सामाजिक प्रगति के तरीके और साधन सुझाते हैं

(3) वे सामाजिक समस्याओं के समाधान का सुझाव देते हैं

(4) वे समाज द्वारा दिए गए चंदे से संचालित होते हैं (1)

**व्याख्या:** विद्यालय का कार्य न सिर्फ शिक्षण गतिविधियों में संलिप्त रहना है बल्कि यह एक सामाजिक संस्था के रूप में भी कार्य करता है जिसका उद्देश्य बच्चों में सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना होता है। ये सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित व स्थापित करता है।

127.कक्षा में प्रभावी अनुशासन बनाए रखने के लिए शिक्षक को चाहिए कि-

(1) छात्रों को वह करने दें जो उन्हें पसन्द है

(2) छात्रों के साथ सख्ती से पेश आएँ

(3) छात्रों को हल करने के लिए कुछ समस्याएँ दें

(4) उनके साथ विनम्रता और दृढ़ता से पेश आएँ (3)

**व्याख्या:** कक्षा-कक्ष में छात्रों को अनुशासित बनाए रखने के लिए उन्हें व्यस्त रखना जरूरी होता है। इसलिए शिक्षक को यह कोशिश करनी चाहिए कि सभी छात्र कुछ न कुछ कक्षा के कार्य में व्यस्त रहें इसलिए उन्हें कुछ प्रश्न हल करने के लिए देने चाहिए।

128.अभिवृत्ति का आशय है-

(1) किसी वस्तु को स्वीकारना अथवा अस्वीकारना

(2) किसी वस्तु को न तो स्वीकारना अथवा न ही अस्वीकारना

(3) किसी वस्तु को पूर्ण रूप से स्वीकरना अथवा कुछ रूप से अस्वीकारना

(4) किसी वस्तु को केवल स्वीकारना (1)

**व्याख्या:** अभिवृत्ति का आशय किसी व्यक्ति, वस्तु, विचार, स्थिति के बारे में सकारात्मक या नकारात्मक भाव की उपस्थिति से है। इसमें नापसंद को अस्वीकार व पसंद की स्थिति को स्वीकारने की प्रवृत्ति मिलती है।

129.एक अध्यापक के रूप में, आप प्राथमिकता देंगे-

(1) बच्चों में आलोचनात्मक एवं वैज्ञानिक चिंतन के विकास को

(2) समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण करने को

(3) धीमे अधिगम वाले विद्यार्थियों को सामान्य विद्यार्थियों के समकक्ष लाने हेतु प्रयास करने को

(4) बच्चों में श्रेष्ठ अध्ययन आदतों के विकास को (1)

**व्याख्या:** एक अध्यापक का मूल उद्देश्य बच्चों की क्षमता की पहचान करना, उनके चिंतन में आलोचनात्मक गुण को विकसित करना एवं उनकी समस्या समाधान योग्यता को विकसित करना होता है।

130.विद्यालय में पर्यावरण शिक्षा पढ़ाई जानी चाहिए, क्योंकि-

(1) हम पर्यावरण से बच नहीं सकते

(2) यह एक सरल विषय है

(3) यह जीवन का एक महत्त्वपूर्ण अंग है

(4) यह पर्यावरण प्रदूषण को प्रभावित करता है (3)

**व्याख्या:** पर्यावरण हमारे जीवन का एक मुख्य घटक है इसलिए इसके बारे में उचित ज्ञान का होना जरूरी है कि हम अपने पर्यावरण को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं। अतः विद्यार्थी को पर्यावरण के बारे में विस्तृत रूप से पढ़ाई कराई जानी चाहिए।

131.एक शिक्षक सफल हो सकता है, यदि वह-

(1) छात्रों को बेहतर नागरिक बनने में मदद करता है

(2) छात्रों को विषय का ज्ञान प्रदान करता है

(3) छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए तैयार करता है

(4) विषय-वस्तु को सुव्यवस्थित तरीके से प्रस्तुत करता है (4)

**व्याख्या:** शिक्षण कार्यों को सुव्यवस्थित तरीके से प्रदर्शित करना एक शिक्षक का प्रथम उद्देश्य होता है। विषय वस्तु का निर्माण पाठन के लिए करना एवं उनके अन्य तत्त्व जैसे-विधियाँ व शिक्षण सहायक सामग्रियों की उचित व्यवस्था व इस्तेमाल करना भी शिक्षक की जिम्मेदारी होती है।

132.जब कुछ छात्र जानबूझकर शरारत करके कक्षा के अनुशासन को भंग करने का प्रयास कर रहे हैं, तो आप एक शिक्षक के रूप में क्या भूमिका निभाएँगे?

(1) छात्रों को कक्षा से निकाल देंगे

(2) उन छात्रों को अन्य छात्रों से पृथक कर देंगे

(3) अपनी शक्तियों के प्रयोग से विद्यार्थियों को सुधारेंगे

(4) उन्हें आत्मनिरीक्षण का अवसर देंगे और उनके व्यवहार में सुधार करेंगे (4)

**व्याख्या:** अगर कोई छात्र बार-बार कक्षा में व्यवधान डाल रहा हो तो वैसी स्थिति में शिक्षक को उसके इस व्यवहार को करने के पीछे के कारण को जानने का प्रयास करना चाहिए एवं छात्र के व्यवहार के बारे में प्रतिक्रिया (फीडबैक) देनी चाहिए। उसे आत्मनिरीक्षण करने को कहना चाहिए। इस प्रकार से छात्र के व्यवहार में सुधार लाने की कोशिश करना चाहिए।

133.आपके एक विद्यार्थी की माताजी आपके पास ठीक उस समय एक परिवेदना लेकर आती हैं, जब आप किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के लिए जा रहे हैं। आप-

(1) उन्हें अगले दिन आने के लिए कहेंगे

(2) तुरन्त अपने स्थान पर वापस जाकर उनकी समस्या को सुनेंगे

(3) उन्हें अगले कक्षा-कक्ष में जाकर अपने सहकर्मी से मिलने को कहेंगे

(4) अपनी कठिनाई अपने सहकर्मी को बताकर उससे उनकी समस्या सुनने की प्रार्थना करेंगे (4)

**व्याख्या:** ऐसी परिस्थिति में जब आपके पास समय की कमी हो और कोई अभिभावक या किसी छात्र के माता-पिता मिलना चाहते हों तो वैसी स्थिति में आप अपने सहकर्मी शिक्षक को अपनी कठिनाई और परेशानी बताकर उन्हें अभिभावक की परिवेदना सुनने को प्रेरित कर सकते हैं।

134.शिक्षण के लिए एक गतिशील दृष्टिकोण का अर्थ है-

(1) शिक्षण सशक्त और प्रभावी होना चाहिए

(2) शिक्षक ऊर्जावान और गतिशील होने चाहिए

(3) शिक्षण के विषय स्थिर होने चाहिए

(4) छात्रों को गतिविधियों के माध्यम से सीखने की आवश्यकता होनी चाहिए (4)

**व्याख्या:** शिक्षण क्रियाकलाप को गतिशील प्रकृति का होना चाहिए। शिक्षक को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उन्हें छात्रों को तरह-तरह के गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण कराना चाहिए।



Visit CollegeDekho

135.शिक्षक को पाठ योजना का निर्माण क्यों करना चाहिए?

(1) यह सामग्री के प्रयोग में सहायक होती है

(2) यह क्रम से कार्य करने में सहायक होती है

(3) यह बालकों के ज्ञान को जाँचने में सहायक होती है

(4) पठन सामग्री की विभिन्नता में सहायक होती है (2)

**व्याख्या:** पाठ योजना का उद्देश्य पाठ को छात्र के सामने इस प्रकार से प्रदर्शित करना हो कि उन्हें समझने में आसानी एवं शिक्षण क्रमागत तरीके से हो एवं शिक्षक व छात्र दोनों को यह पता चलता रहे कि किस प्रसंग को कब और कैसे पढ़ना है। इस प्रकार हम कह सकते हैं पाठ योजना क्रमबद्ध तरीके से कार्य करने में सहायक होती है।

136.यदि आपका स्थानान्तरण दूर-दराज किसी ऐसे स्थान पर हो जाता है जो आपको पसंद नहीं है, तो आप क्या करेंगे?

(1) पसन्द अथवा न पसन्द की बात मन से निकाल कर लगन से अपना काम करेंगे

(2) अधिकारियों को रिश्वत देकर वहाँ से पुन:स्थानान्तरण करने के प्रयास करेंगे

(3) अधिकारियों से मिलकर अपनी परेशानी बताएँगे और वहाँ से पुन: स्थानान्तरण का प्रयास करेंगे

(4) रुचिपूर्वक नवीन स्थान पर कार्यग्रहण करेंगे और पुन: स्थानान्तरण कराने का प्रयास भी करते रहेंगे (4)

**व्याख्या:** शिक्षण कार्य के सुचारु रूप से संचालन हेतु शिक्षक एवं छात्र की मनोदशा का अनुकूल होना बहुत जरूरी होता है। अगर किसी कारण से शिक्षक की मनोदशा सामान्य नहीं होगी तो वह शिक्षण कार्य पर पूर्णरूपेण ध्यान केन्द्रित नहीं कर पायेगा। ऐसी स्थिति में शिक्षक को कार्य करते हुए उचित स्थान के बारे में सोचना चाहिए।

137.एक अध्यापक के रूप में आप अपने संप्रेषण को प्रभावी बनाने हेतु क्या करेंगे?

(1) विद्यार्थियों के अधिगम स्तर को जानेंगे

(2) उपयुक्त शब्दों का प्रयोग करेंगे

(3) अपने ज्ञान को विस्तृत करेंगे

(4) जोर से बोलेंगे (1)

**व्याख्या:** एक शिक्षक को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसे कक्षा-कक्ष में किस स्तर का संप्रेषण करना है। यह निर्णय तय लिया जाता है जब शिक्षक को छात्र के ज्ञान के स्तर का पता हो। यदि शिक्षक अपने ज्ञान के अनुसार संप्रेषण और भाषा का प्रयोग करेंगे तो यह विद्यार्थियों की समझ से परे हो जाएगी एवं प्रभावी नहीं रह पाएगी।

138.अध्यापक की कार्यक्षमता को बढ़ाया जा सकता है-

(1) परीक्षाफल के अनुसार पदोन्नति देकर

(2) कठोर प्रशासन द्वारा

(3) उसके कार्यों की सराहना करके

(4) अच्छा वेतन देकर (3)

**व्याख्या:** किसी शिक्षक की कार्यक्षमता को बढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका यह होता है कि उसके कार्य के लिए उसको उचित प्रोत्साहन दिया जाए। यह प्रोत्साहन किसी पुरस्कार के रूप में या फिर उसके कार्यों की सराहना करके दिया जा सकता है।

139.विद्यालय में एन.सी.सी. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है-

(1) मनोरंजन (2) नेतृत्व प्रशिक्षण

(3) सामाजिक कल्याण (4) शारीरिक विकास (2)

**व्याख्या:** एन.सी.सी. का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व कौशल व प्रशिक्षण को बढ़ावा देना होता है। इसी प्रकार एन.एस.एस (NSS) का उद्देश्य सामाजिक कल्याण व सेवा के लिए छात्रों को प्रशिक्षित करना होता है।

140.विद्यालय में पुस्तकालय स्थापित करने का उद्देश्य है-

(1) विद्यार्थियों में शोध की आदत के विकास हेतु

(2) विद्यार्थियों में स्व-अध्ययन की आदत के विकास हेतु

(3) विभिन्न प्रकरणों के अध्ययन हेतु

(4) पुस्तकों के संग्रह हेतु (2)

**व्याख्या:** पुस्तकालय का मुख्य उद्देश्य छात्रों में स्वअध्ययन की आदत को विकसित करना होता है। क्योंकि जब एक छात्र पुस्तकालय में जाता है तब वह कई अन्य विद्यार्थियों को स्व-अध्ययन करते देखता है जिससे उसे भी प्रेरणा मिलती हैं।

141.समाज में नैतिकता के पतन के कारण हैं-

(1) विद्यालयों का अभाव

(2) अच्छे शिक्षकों का अभाव

(3) गरीबी

(4) शिक्षा नीति की असफलता (2)

**व्याख्या:** शिक्षकों का एक गुण यह भी होना चाहिए कि वे छात्रों को सही-गलत का ज्ञान करायें। उनमें नैतिकता का संचार करें, उन्हें सामाजिक मानकों को आत्मसात कराने की कोशिश करें। आजकल यह देखा जा रहा है कि शिक्षक अपना पूरा ध्यान सिर्फ व सिर्फ पाठ्य-क्रम को खत्म करने पर लगाते हैं जबकि शिक्षण के मूल उद्देश्य "छात्रों में व्यक्तित्व का विकास" पर ध्यान न के बराबर दे रहे हैं। समाज में नैतिकता के पतन का ये भी कारण होता है।

142.वाक्यांश 'मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक' द्वारा शिक्षक का महिमामंडन किया गया है, क्योंकि-

(1) उसे समाज से संबंधित सभी महत्त्वपूर्ण भूमिकाएँ निभानी होती हैं

(2) वह छात्रों में मानवता के उच्च मूल्यों को प्रसारित करता है

(3) वह समाज सुधारक है

(4) वह एक महान् देशभक्त है (1)

**व्याख्या:** एक शिक्षक को समाज से संबंधित सभी महत्त्वपूर्ण कार्य करने होते हैं एवं कई भूमिकाएँ निभानी होती हैं। इसलिए एक शिक्षक को मित्र-दार्शनिक और मार्गदर्शक की संज्ञा दी जाती है।

143.ग्रीष्मावकाश में व्यावसायिक संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इस स्थिति में आप-

(1) कोशिश करेंगे परवार को समय भी दे पाएँ और व्यावसायिक संवर्धन कार्यक्रम में भी भाग ले सकें

(2) किसी जुगाड़ के माध्यम से अध्यापक संवर्धन कार्यक्रम में जाने से बचने का प्रयास करेंगे

(3) ग्रीष्मावकाश हेतु पूर्व नियोजत कार्यक्रमों को स्थगित कर संवर्धन कार्यक्रम में जाएँगे

(4) अध्यापक संवर्धन कार्यक्रम में जाएँगे किन्तु पूर्ण समय ना बैठकर जल्दी वापस आ जाएँगे (1)

Visit CollegeDekho

**व्याख्या:** जब आप किसी व्यावसायिक कार्य में होते हैं और लम्बा अवकाश मिलता है तो आपकी यह इच्छा होती है कि आप वो समय अपने परिवार के साथ व्यतीत करें लेकिन जब आपको यह पता चलता है कि आपको अवकाश के दौरान कोई अन्य कार्य भी करना है तो ऐसी स्थिति में सबसे अच्छा तरीका यह होता है कि आप परिवार एवं कार्य में उचित सामंजस्य बिठाएँ।

144.एक शिक्षक के लिए, ब्लैकबोर्ड पर लिखने के लिए निम्नलिखित में से कौनसी विधि सही होगी?

(1) जितना संभव हो उतना तेज और स्पष्ट रूप से लिखना

(2) पहले विषयवस्तु को लिखना और फिर छात्रों को इसे पढ़ने के लिए कहना

(3) एक प्रश्न पूछना और फिर विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए उत्तर लिखना

(4) महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं को यथासंभव स्पष्ट रूप से लिखना (4)

**व्याख्या:** श्यामपट्ट का इस्तेमाल करते वक्त शिक्षक को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वो सारी पाठ्य वस्तु को न लिखकर सभी मुख्य-मुख्य पहलुओं को लिखे। शिक्षक को इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि उनकी लिखावट स्पष्ट हो एवं यथासंभव सभी छात्रों को समझ में आती हो।

145.एक प्रभावी कक्षाकक्ष का सार-तत्त्व है-

(1) विभिन्न प्रकार की शिक्षण सामग्री

(2) जीवंत छात्र-शिक्षक अंत:क्रिया

(3) पिन-ड्रॉप साइलेंस (पूर्ण नीरवता)

(4) लोकतांत्रिक अनुशासन (2)

**व्याख्या:** कक्षा में शिक्षण के दौरान शिक्षक एवं छात्र के मध्य उचित अंत:क्रिया ही प्रभावी कक्षा कक्ष का सार तत्त्व होता है।

146.एक प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक के रूप में आप अपने विद्यालय में खाली समय में क्या करेंगे?

(1) अध्यापक कक्ष में आराम करेंगे

(2) पुस्तकालय में पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ेंगे

(3) कार्यालय में लिपिकों से बात करेंगे

(4) विद्यार्थियों के गृहकार्य को जाँचेंगे (4)

**व्याख्या:** जब एक शिक्षक शिक्षण के बाद खाली बैठा हो या उनकी क्लास न हो तो ऐसी स्थिति में उन्हें छात्रों के गृह कार्य को देखना व जाँच करनी चाहिए।

147.आपके आस-पास के कुछ शिक्षक छात्रों का मजाक उड़ा रहे हैं, इस स्थिति में आप क्या करेंगे?

(1) उन्हें शालीनता से समझायेंगे कि वे चुटकुलों में समय बर्बाद न करें

(2) जगह छोड़ देंगे

(3) खाली समय गुजारते समय उनसे उनकी भाषा का ध्यान रखने को कहेंगे

(4) आलोचनात्मक बनेंगे और उन्हें उनके शिक्षण व्यवसाय की महानता के बारे में याद दिलाएँगे (4)

**व्याख्या:** शिक्षण कार्य को समाज का सबसे प्रतिष्ठित कार्य माना गया है क्योंकि यह राष्ट्र का निर्माण करने वाले बच्चों के व्यक्तित्व को विकसित करने का कार्य करता है। अत: शिक्षक को इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि वे अपने कार्यों के प्रति सजग रहें। कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे छात्रों पर बुरा प्रभाव पड़े। उन्हें बच्चों का मजाक बनाने से भी बचना चाहिए। अगर कोई शिक्षक ऐसा कार्य कर रहा है तो उसे आलोचनात्मक रूप से समझाएँ कि उनका मूल कर्तव्य क्या है।

148.प्राथमिक स्तर पर, मातृभाषा में पढ़ाना उचित होगा, क्योंकि-

(1) इसमें विद्यार्थियों को स्वाभाविक वातावरण में सीखने को मिलेगा

(2) इससे बालकों में आत्म-विश्वास का विकास होगा

(3) इससे बौद्धिक विकास में सहायता मिलेगी

(4) इससे सीखने में आसानी होगी (4)

**व्याख्या:** अगर प्राथमिक स्तर पर बच्चों को शिक्षा उनकी मातृभाषा में दी जाती है तो बच्चों के लिए पाठ्य वस्तु को समझना बहुत आसान हो जाता है। इससे छात्रों को सीखने में भी आसानी होती है। इसी बात की वकालत नई शिक्षा नीति 2020 में भी की गई है।

149.यदि आपके अभिभावक आपकी बहन को शिक्षा से वंचित रख रहे हैं, तो-

(1) आप उसकी शिक्षा की व्यवस्था करेंगे

(2) आप उनका विरोध करेंगे

(3) आप इसके नुकसान बताएँगे

(4) इनमें से कोई नहीं (3)

**व्याख्या:** शिक्षा से ही किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का पूर्ण विकास होता है। अत: शिक्षा सबके लिए बहुत जरूरी होती है। ऐसे में अगर कोई व्यक्ति किसी को भी शिक्षा से वंचित रखता है तो हम उसे समझाने की कोशिश करेंगे कि शिक्षा न मिलने या अशिक्षित रह जाने के क्या नुकसान हैं।

150.सामाजिक संवेदनशीलता योग्यता है-

(1) दूसरों के विषय में बातचीत करना

(2) दूसरों की भावनाओं और विचारों को समझना

(3) सामाजिक अन्त:क्रिया के संकेतों का प्रत्यक्षीकरण करना

(4) सामाजिक संदर्भ को पहचानना (3)

**व्याख्या:** सामाजिक संवेदनशीलता यह बताती है कि कोई व्यक्ति सामाजिक रूप से दूसरों के प्रति सम्मानजनक होने के साथ-साथ सामाजिक रूप से किस प्रकार अंत:क्रिया के संकेतों को पहचान करेगा। सामाजिक संवेदनशीलता किसी व्यक्ति को समाज में रहने एवं समाज के साथ परस्पर सामंजस्य बनाने में मदद करती है।

## भाग द अंग्रेजी

151.Antonym of Ally is-

(1) Abate (2) Base

(3) Enemy (4) Drop (3)

**व्याख्या-** Ally (दोस्त): friend

Abate (कम करना)

Base (आधार)

Enemy (दुश्मन)

Drop (गिराना)

152.I _______ this place by the time she come (Tense).

(1) would leave (2) have left

(3) left (4) will leave (4)

**व्याख्या- वाक्य का भाव-** मैं यहाँ से चला जाऊँगा जब तक वह आयेगी। वाक्य में future की बात हुई है। इसमें Future simple tense का use होगा। Future simple tense में will/shall के साथ $V_1$ का प्रयोग होता है।

153.Which of the following sentences is grammatically correct?

(1) I am now recognising you



Visit CollegeDekho

(2) I recognises you now
(3) I now recognise you
(4) I have recognise you now (3)

व्याख्या- Option (1)- recognise verb को ing form में use नहीं करते।

Option (2)- I के साथ verb में s/es नहीं लगाते।

Option (3)- वाक्य सही है।

Option (4)- Have के साथ $V_3$ का use होता है।

154. Match the following two lists where one list gives a group of words and other provides one-word substitution for the same-

**List (1) Group of Words**

i. That which can be seen through
ii. A new word coined by an author
iii. That which cannot be seen through
iv. An imaginary name assumed by an author instead of the real name

**List (2) One-word substitution**

a. Opaque
b. Pseudonym
c. Transparent
d. Neologism

| | i. | ii. | iii. | iv. |
|---|---|---|---|---|
| (1) | b | c | a | d |
| (2) | c | d | a | b |
| (3) | a | b | c | d |
| (4) | d | c | b | a |

(2)

व्याख्या- That which can be seen through – Transparent (पारदर्शी)

A new word coined by an author – Neologism (नवनिर्मित प्रयोग)

That which can't be seen through – Opaque (अपारदर्शी)

An imaginary name assumed by an author instead of the real name. Pseudonym (उपनाम/छद्म नाम)

155. He is not able to distinguish _______ black and blue. (Preposition)

(1) between (2) among
(3) in (4) from (1)

व्याख्या- Distinguish (अंतर पता लगाना)

Distinguish verb के साथ 'between' preposition का प्रयोग करते हैं।

**Example:** It's important to distinguish **between** business and pleasure.

156. Birds of _______ feather flock together. (Article)

(1) a (2) the
(3) an (4) zero (1)

व्याख्या- "Feather" शब्द singular noun (एकवचन संज्ञा) है। इससे पहले indefinite article 'a' का प्रयोग करेंगे।

Birds of a feather flock together (एक जैसे विचारों वाले लोग एक साथ रहते हैं।)

157. Krishna can play flute. Krishna can dance well.
Which of the following is the best option of the use of connectives?

(1) Krishna can play flute but he can dance well
(2) Inspite of playing flute, Krishna can dance well.
(3) Krishna not only can play flute, but he also dance well.
(4) Although Krishna plays flute, but he dances well. (3)

व्याख्या- कृष्णा में दो गुण हैं। वह बाँसुरी बजा सकता है। वह dance अच्छा करता है। दो एक जैसी बातों को जोड़ने के लिए not only ____ but also का use करेंगे।

But (लेकिन)

Inspite of (के बावजूद)

Although (हालांकि)

158. He is first _______ his equals as he heads the team. (Preposition)

(1) between (2) in
(3) beside (4) among (4)

व्याख्या- First among equals एक idiom (मुहावरा) है तथा जब दो से ज्यादा लोगों की बात हो तो 'among' का use करते हैं।

Between (दो व्यक्ति/वस्तुओं के लिए)

Beside (बगल में)

In (में)

**First among equals:** यह व्यक्ति जिसके पास बराबर के साथी सदस्यों से ज्यादा जिम्मेदारी होती है।

159. Fill in the blank space with the correct form of the verb (choosing from the given options) in the given sentence-
The theif snatched the purse and _______ away.

(1) run (2) had run
(3) ran (4) will run (3)

व्याख्या- चोर ने पर्स छीना और भाग गया। वाक्य में 'And' से पहले $V_2$ का प्रयोग हुआ है, रिक्त स्थान में भी $V_2$ का ही प्रयोग करेंगे।

| run | ran | run |
|---|---|---|
| $V_1$ | $V_2$ | $V_3$ |

160. The prisoner _______ why he had been taken.

(1) is not known (2) had not knew
(3) did not knew (4) did not know (4)

व्याख्या- कैदी यह नहीं जानता था कि उसे क्यों ले जाया गया। वाक्य में past simple का प्रयोग करेंगे। option (2) में present tense दिया है तथा option (2) और (3) grammatically गलत है।

161. One who knows many languages is-

(1) Polygamous (2) Polyglot
(3) Polyandrian (4) Polyadelph (2)

व्याख्या- Polygamous (कई शादियाँ करने वाला)

Polyglot (अनेक भाषाएँ जानने वाला व्यक्ति)

Polyandrian (वह महिला जिसके एक से ज्यादा पति हैं)

Polyadelph (बहुसंघी)

162. "Go and read in the library", this sentence is an example of-

(1) Statement
(2) Exclamatory sentence
(3) Interrogative sentence
(4) Command (4)

व्याख्या- दिया गया वाक्य एक imperative sentence है जिसमें एक command दी गई है।

**Sentence structure–** verb + object

**Examples:** Open the door.
Bring some water.

Visit CollegeDekho

163. The man exclaimed with sorrow that he was ruined. (Change narration)

(1) The man said, "Alas! I am ruined!"
(2) The man said with sorrow, "I was ruined!"
(3) The man said, "Oh! he ruined."
(4) The main said, "Alas! he is ruined." (1)

**व्याख्या-** इस वाक्य में Indirect speech को direct speech में convert करना है। Reported speech में pronoun का प्रयोग subject 'man' के अनुसार 'I' करेंगे तथा 'was' को 'am' में बदलेंगे। Exclaimed with sorrow का प्रयोग केवल Indirect में करते हैं इसकी जगह पर 'said' का प्रयोग होगा।

164. Ram said to me, "Did you break the vase?

(1) Ram asked me if I broke the vase.
(2) Ram asked me did I broke the vase.
(3) Ram asked me did you break the vase.
(4) Ram asked me if I had broken the vase. (4)

**व्याख्या-** Reported speech में interrogative sentence दिया है तो reporting verb में 'said to' को asked में बदलेंगे। जब Helping verb से interrogative sentence दिया हो तो conjunction के रूप में If/Whether का प्रयोग करते हैं। Reported Speech में past simple को past perfect में बदलेंगे।

IInd person pronoun 'you' को object 'me' के अनुसार I में बदलेंगे।

165. Which one of the following sentence is incorrect for tacking subject-verb concord/agreement?

(1) One of my teachers is leaving for Canada today.
(2) Five times five is twenty-five.
(3) The news of the air crash are shocking.
(4) All my luggage has been shifted. (3)

**व्याख्या-** 'News' एक singular noun है। इसके साथ 'are' की जगह पर 'is' का प्रयोग करेंगे।

**सही वाक्य-** The news of the air crash is shocking.

166. Choose the correct preposition to complete the following sentence. (From the given options)-

The parties quarrelled ________ themselves.

(1) on (2) among
(3) against (4) with (2)

**व्याख्या-** पार्टीज आपस में (among) लड़ने लगी। 'आपस में/ के बीच में' के लिए 'among' preposition का प्रयोग करते हैं।

on – पर; against – खिलाफ; with – साथ

**Direction (Q. No. 167-170):** Read the following passage and answer the questions below based on the passage.

After a long time man invented something which changed the system of transportation in the world. It was the wheel. Yes, the same wheel that you see in bullock carts, a bicycle, a bus and a train. Today, it appears such an ordinary thing that one does not treat it as a great invention. But man took a long time in making this small object and understanding its utility. Formerly heavy loads had to be carried by men or animals. One can well imagine how difficult it was. Then someone must have realized that a round object moves faster than flat one. The first cart must have looked like a log of wood fitted with round wooden pieces. Removing the wheel from our life would mean bringing the entire civilization to a halt.

167. What is the meaning of 'halt' (last line) in the passage?

(1) Stoppage (2) Nostalgia
(3) Developement (4) Question (1)

**व्याख्या-** Halt (रोकना)

Stoppage (रोकना)

Nostalgia (पुरानी यादें)

Development (विकास)

Question (सवाल)

168. What did change the system of transportation in the world initially?

(1) Bullock cart (2) Bicycle
(3) Bus (4) Wheel (4)

**व्याख्या-** इस सवाल का जवाब दूसरी पंक्ति में दिया है। पहिये (wheel) के आविष्कार ने यातायात का system ही बदल दिया।

169. Which of the following is the most appropriate title for the passage?

(1) System of Transportation
(2) The importance of wheel
(3) Useful invention
(4) Men and Wheel (2)

**व्याख्या-** पूरे paragraph में पहिये की ही बात हुई है। आखिरी लाइन में बताया है कि यह हमारे जीवन में कितना महत्वपूर्ण है।

170. Who would carry the heavy loads initially?

(1) Bullock carts (2) Buses
(3) Trains (4) Men and animals (4)

**व्याख्या-** पहले भारी वजन (Heavy loads) आदमी और जानवरों द्वारा ही ढोया जाता था।

## भाग द : हिन्दी

171. उसे मुझे गाली देने पर ...... हुई। रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द है-

(1) संकोच (2) लज्जा
(3) ग्लानि (4) पीड़ा (3)

**व्याख्या-** ग्लानि – किसी का बुरा करने के बाद होने वाला मानसिक दुःख। जब कोई गाली देगा तो उसके बाद उसे अपने कृत्य पर ग्लानि ही होगी।

172. निम्नलिखित किस शब्द में 'आ' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है?

(1) आजन्म (2) आकंठ
(3) आकाश (4) आधुनिक (*)

**व्याख्या-** 'आकाश' एवं 'आधुनिक' दोनों ही शब्दों में 'आ' उपसर्ग नहीं है। 'आकाश' पूर्ण शब्द है।

आधुनिक – अधुना (मूल शब्द) + इक (प्रत्यय)

आजन्म – आ (उपसर्ग) + जन्म (मूल शब्द)

आकंठ – आ (उपसर्ग) + कंठ (मूल शब्द)

173. असत्य विकल्प की पहचान कीजिए-

(1) आमुख – केवल 'आ' उपसर्ग से निर्मित है
(2) अतल – केवल 'अ' प्रत्यय से निर्मित है



Visit CollegeDekho

(3) व्यवधान - उपसर्ग तथा संधि-प्रक्रिया से निर्मित है
(4) व्यंजित - मूल शब्द में उपसर्ग तथा प्रत्यय दोनों का योग है (2)

**व्याख्या-** 'अतल' में 'अ' उपसर्ग एवं 'तल' मूल शब्द है।

आमुख = आ (उपसर्ग) + मुख (मूल शब्द)
व्यवधान = वि (उपसर्ग)+अव (उपसर्ग) + धान (मूल शब्द)
वि + अवधान (यण् संधि)
व्यंजित = वि (उपसर्ग) + अंज (मूल शब्द) + इत (प्रत्यय)

174.निम्नलिखित में से शुद्ध शब्दों का चयन कीजिए-
A. पतंजली B. निस्वार्थ
C. आद्युपान्त D. अतिशयोक्ति
(1) A, B (2) B, C
(3) C, D (4) A, D (3)

**व्याख्या-** अन्य शब्दों के शुद्ध रूप होंगे-
पतंजलि, नि:स्वार्थ/निस्स्वार्थ

175.किस वर्ग में सभी शब्द बादल के पर्यायवाची नहीं हैं?
(1) जलद, वारिद, पयोद (2) पयोज, अम्बुद, नीरद
(3) तोयद, नीरद, जलद (4) नीरद, पयोद, अम्बुद (2)

**व्याख्या-** विकल्प (2) में 'पयोज' शब्द कमल का पर्यायवाची है। कमल के अन्य पर्यायवाची हैं-
सरोज, अरविन्द, नीरज, अम्बुज।

176.मान शब्द का अर्थ है 'सम्मान' इसमें निम्नांकित में से कौनसा उपसर्ग लगने पर इसका अर्थ 'घमण्ड' हो जाता है?
(1) सन् (2) अप
(3) अभि (4) अनु (3)

**व्याख्या-** 'अभि+मान' - अभिमान।
अभिमान शब्द का अर्थ 'घमण्ड' होता है।

177.इनमें से किस वर्ग में शब्द का अर्थ सही नहीं है?
(1) मेघ-बादल (2) दामिनी-रात्रि
(3) द्रुम-पूँछ (4) रुचिर-सुन्दर (2)

**व्याख्या-** 'दामिनी' का अर्थ 'बिजली' होता है।

178.निम्न में से असंगत युग्म का चयन कीजिए-
(1) मक्खन - नवनीत, गोरस, दधिसार, माखन
(2) मदिरा - मद्य, मद, कादम्बरी, वारुणी
(3) बादल - पिपिहरी, जीमूत, नवध्वज, बलाहक
(4) मार्ग - पथ, बाट, राह, गैल (3)

**व्याख्या-** विकल्प (3) में 'पिपिहरी' एवं 'नवध्वज' बादल के पर्यायवाची नहीं हैं।
पिपिहरी = बाँसुरी जैसा वाद्य यंत्र।
नव ध्वज = नया ध्वज

179.निम्नांकित में से कौनसा वाक्य शुद्ध है?
(1) बेटी पराए घर का धन होता है।
(2) मुझे आज कानपुर जाना है।
(3) मेरे को यह अच्छा नहीं लगता।
(4) मेरा प्राण संकट में है (2)

**व्याख्या-** अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप हैं-
बेटी पराए घर का धन होती है।
मुझे यह अच्छा नहीं लगता।
मेरे प्राण संकट में हैं।

180.'विरोध करना' अर्थ सूचित करने वाला मुहावरा कौनसा है?
(1) विष उगलना (2) आवाज़ उठाना
(3) पीछे पड़ना (4) सिर उठाना (2)

**व्याख्या-** अन्य मुहावरों के अर्थ हैं-
विष उगलना - कड़वी बात कहना।
पीछे पड़ना - किसी कार्य का दृढ़ निश्चय करना/किसी को बार-बार तंग करना।
सिर उठाना - विद्रोह करना।

181.'नाक पर सुपारी तोड़ना' का भावार्थ है-
(1) बेइज्जत करना (2) कठिन कार्य करना
(3) निंदा करना (4) बहुत परेशान करना (4)

**व्याख्या-** 'कठिन कार्य करना' अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा है- फतेह करना।

182.'प्रभुता पाहि, काहि मद नाहीं' लोकोक्ति का सही अर्थ है-
(1) मिलजुल कर कार्य करना
(2) उच्च पद प्राप्त करके किसे घमण्ड नहीं होता
(3) झूठी प्रसिद्धि प्राप्त करना
(4) कार्य के अनुरूप परिणाम न मिलना (2)

**व्याख्या-** 'प्रभुता पाहि, काहि मद नाहीं' लोकोक्ति का अर्थ है- सत्ता प्राप्त करने पर हर किसी को घमण्ड हो जाता है।

183.अधोलिखित शब्द-युग्मों में कौनसा युग्म असंगत एवं त्रुटिपूर्ण है?
(1) अवधान - मनोयोग, अवदान - देन
(2) अम्बुज - सागर, अम्बुधि - कमल
(3) अंगना - स्त्री, अँगना - खुला स्थान
(4) अभय - निडर, अभया - हरड़ (2)

**व्याख्या-** सही अर्थ होगा-
अम्बुज - कमल, अम्बुधि - सागर।

184.'संदीप बहुत अच्छा गाता है।' वाक्य में रेखांकित पद है-
(1) प्रविशेषण (2) क्रिया विशेषण
(3) प्र-क्रिया विशेषण (4) विशेषण (1)

**व्याख्या-** वाक्य में रेखांकित शब्द 'बहुत', विशेषण शब्द 'अच्छा' की विशेषता बता रहा है, इसलिए यह प्रविशेषण है।

185.'धरती पर पैर न रखना' मुहावरा किस अर्थ में प्रयुक्त होता है?
(1) सवारी पर आना (2) आसमान में उड़ना
(3) अति अभिमान करना (4) अति आनन्द करना (3)

**व्याख्या-** 'आसमान में उड़ना' मुहावरे का अर्थ है- अधिक गर्व करना।

186.निम्न में से किस लोकोक्ति का भावार्थ सुसंगत नहीं है?
(1) आँख का अंधा नाम नैनसुख - नाम बड़ा और गुण कम होना
(2) ऊँट के मुँह में जीरा - अत्यल्प संसाधन या सामग्री
(3) एक साधे सब सधे - मुख्य कार्य की ओर ध्यान रखना
(4) घर का भेदी लंका ढाए - घर के गुणी व्यक्ति का सम्मान न करना (4)

**व्याख्या-** सही अर्थ होगा-
घर का भेदी लंका ढाए- घर की आपसी फूट से भेद खुल जाता है।

187.विसर्ग संधि का उदाहरण है-
(1) भूषण (2) पयोद
(3) प्रतिष्ठा (4) उद्धार (2)



Visit CollegeDekho

व्याख्या- पयोद - पय: + द (विसर्ग संधि)
यहाँ विसर्ग (:) के बाद घोष वर्ण (द) आने के कारण विसर्ग (:) का परिवर्तन 'ओ' में हो गया है।
भूषण - भूष + न (व्यंजन संधि)
प्रतिष्ठा - प्रति + स्था (व्यंजन संधि)
उद्धार - उत् + हार (व्यंजन संधि)

188.निम्न में से विस्मयादिबोधक अव्यय का उदाहरण है-
(1) ताकि (2) वाह
(3) यदि (4) मानो (2)
व्याख्या- जिन शब्दों के माध्यम से आश्चर्य या विस्मय के भावों का बोध होता है; वे विस्मयादिबोधक शब्द कहलाते हैं। जैसे- ओह!, अरे!, वाह!, क्या! आदि।

189.किस विकल्प में 'नियत-नियति' के (क्रमश:) अर्थ प्रयुक्त हुए हैं?
(1) विनम्र, प्रवाह (2) निश्चित, भाग्य
(3) बाँसुरी, निर्धारित (4) भाग्य, निर्धारित (2)
व्याख्या- नियत का अर्थ- नियमबद्ध, पाबंद या निश्चित।
नियति का अर्थ- किस्मत, भाग्य, होनी।

190.किस शब्द में 'आवट' प्रत्यय नहीं है?
(1) थकावट (2) लिखावट
(3) सजावट (4) महावट (4)
व्याख्या- 'महावट' शब्द 'महा+वट' से बना है।
थकावट - थक (मूल शब्द) + आवट (प्रत्यय)
लिखावट - लिख (मूल शब्द) + आवट (प्रत्यय)
सजावट - सज (मूल शब्द) + आवट (प्रत्यय)

191.किस शब्द में तत्पुरुष समास नहीं है?
(1) ख्यातिप्राप्त (2) जगसुहाता
(3) देशनिष्कासन (4) प्रतिनियुक्ति (4)
व्याख्या- प्रतिनियुक्ति - नियुक्ति के बदले नियुक्ति (अव्ययी भाव समास)
ख्यातिप्राप्त - ख्याति को प्राप्त (तत्पुरुष समास)
जगसुहाता - जग को सुहाता (तत्पुरुष समास)
देशनिष्कासन - देश से निष्कासन (तत्पुरुष समास)

192.'अनुवेश' का शाब्दिक अर्थ 'पीछे प्रवेश करना' है, इसी क्रम में 'अनुवेश्य' का अर्थ है-
(1) इच्छाओं में लिप्त
(2) एक शासक विशेष
(3) बगल के घर में रहने वाला
(4) एक ऋषि का नाम (3)
व्याख्या- अनुवेश्य का अर्थ 'बगल के घर में रखने वाला' अथवा 'पड़ोसी' होता है।

193.वर्तनी की दृष्टि से कौनसा शब्द अशुद्ध है?
(1) लघुत्तम (2) तदुपरान्त
(3) गुरुपदेश (4) दुपहरी (1)
व्याख्या- शुद्ध शब्द होगा- लघुतम अथवा लघूत्तम।

194.किस कहावत का अभिप्राय 'गुणहीन व्यक्ति का बहुत डींग मारना' है?
(1) अधजल गगरी छलकत जाए
(2) थोथा चना, बाजे घना
(3) छोटा मुँह बड़ी बात
(4) आँख के अंधे नाम नयनसुख (2)
व्याख्या- अन्य लोकोक्तियों के अर्थ हैं-
अधजल गगरी छलकत जाए- ओछा आदमी अधिक इतराता है।
छोटा मुँह बड़ी बात - अपनी योग्यता से बढ़कर बात करना।
आँख के अंधे नाम नयनसुख = गुणों के विपरीत नाम होना।

195.उसे मेरी उन्नति से ........... है। उपयुक्त शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
(1) ईर्ष्या (2) द्वेष
(3) स्पर्द्धा (4) क्रोध (1)
व्याख्या- दूसरों की उन्नति देखकर मन में उत्पन्न होने वाली जलन की भावना ईर्ष्या कहलाती है।

196.किस विकल्प के सभी शब्द विसर्ग संधि के उदाहरण हैं?
(1) मनोनयन, शिरोधार्य (2) अहोरूप, उन्मोचन
(3) गुर्वोदन, साध्वौदार्य (4) नतोदर, धीरोत्तर (1)
व्याख्या- मनोनयन - मन: + नयन (विसर्ग संधि)
शिरोधार्य - शिर: + धार्य (विसर्ग संधि)
विकल्प (2)- अहोरूप - अहन् + रूप (व्यंजन संधि)
उन्मोचन - उत् + मोचन (व्यंजन संधि)
विकल्प (3)- गुर्वोदन - गुरु + ओदन (यण् संधि)
साध्वौदार्य - साधु + औदार्य (यण् संधि)
विकल्प (4)- नतोदर - नत + उदर (गुण संधि)
धीरोत्तर - धीर + उत्तर (गुण संधि)

197.किस वाक्य में सर्वनाम संबंधी अशुद्धि है?
(1) मैंने मेरा काम कर लिया है।
(2) मैं स्वयं वहाँ जाना चाहता हूँ।
(3) यह उनकी समझ में नहीं आएगा।
(4) तुम्हें ध्यान से पढ़ना होगा। (3)
व्याख्या- शुद्ध वाक्य होगा- यह उनके समझ में नहीं आएगा।

198.'यह वही लड़का है जो सदैव पढ़ाई में अव्वल आता है।' संरचना की दृष्टि से यह वाक्य है-
(1) साधारण वाक्य (2) मिश्र वाक्य
(3) संयुक्त वाक्य (4) आज्ञार्थक वाक्य (2)
व्याख्या- वाक्य में 'यह वही लड़का है' प्रधान उपवाक्य तथा 'जो सदैव पढ़ाई में अव्वल आता है' आश्रित उपवाक्य है। वाक्य में 'वही ....... जो' योजक शब्दों के रूप में प्रयुक्त हुए हैं।

199.समास-विग्रह की दृष्टि से अनुचित विकल्प पहचानिए-
(1) स्वर्णहार - स्वर्ण से निर्मित हार
(2) पुरुषोत्तम - उत्तम है जो पुरुष
(3) सतनजा - सात प्रकार के अनाजों का समूह
(4) अत्यावश्यक - आवश्यकता के उपरान्त (4)
व्याख्या- अत्यावश्यक - आवश्यकता से अधिक (अव्ययी भाव समास)
यहाँ प्रथम पद 'अति' उपसर्ग होने के कारण अव्ययीभाव समास है।

200.'स्थानीय' शब्द किस प्रत्यय से बना है?
(1) नीय (2) ईय
(3) अनीय (4) य (2)
व्याख्या- स्थानीय - स्थान (मूल शब्द) + ईय (प्रत्यय)।


Visit CollegeDekho

171. रिक्तस्थानस्य पूर्तये समीचीनं शब्दं चिनुत-
नृपः सिंहासनम् .........।
(1) आस्ते (2) शेते
(3) अध्यास्ते (4) तिष्ठति (3)
**व्याख्या-** अधिशीङ्स्थासां कर्मः सूत्र की सहायता से अधि उपसर्ग पूर्वक शीङ् (सोना), स्था (ठहरना) तथा आस् (बैठना) धातुओं के साथ कर्म कारक होता है तथा कर्म कारक में द्वितीया विभक्ति का प्रयोग होता है। अतः यहां राजा सिहासन पर बैठता है अतः अधि उपसर्ग पूर्वक आस् धातु का प्रयोग होने से अध्यास्ते सही विकल्प होगा।

172. शब्दरूपदृष्ट्या उचित विकल्पमस्ति-
(1) मधूक्षु- सप्तमी बहुवचनम् (2) धेनुनाम् - षष्ठी बहुवचनम्
(3) वध्वाम् - सप्तमी एकवचनम् (4) आत्मने - सप्तमी एकवचनम् (1)
**व्याख्या-** 'मधु' शब्द उकारांत नपुंसकलिंग शब्द है। उकारांत नपुंसकलिंग शब्द में सप्तमी विभक्ति बहुवचन में मधुषु रूप बनता है। यहां मधूक्षु विकल्प अनुचित है। अन्य सभी विकल्प सही है।

173. 'ऐन्द्री' इत्यत्र प्रत्ययोऽस्ति-
(1) ई (2) ङीप् (3) ङीष् (4) ङीन् (2)
**व्याख्या-** 'ऐन्द्री' में ङीप् प्रत्यय जुड़ा है।
'टिड्ढाणञ्द्वयसज्दघ्नञ्मात्रच्तयप्ठक्ठञ्कञ्क्वरपः' सूत्र में स्त्रीलिंग बनाने के लिए ढक्, अण, अञ, द्वयसच्, दघ्नञ्, मात्रच्, तयप्, ठक्, ठञ्, कञ् और क्वरप् प्रत्ययों के अंत होने वाले शब्दों में ङीप् प्रत्यय प्रयुक्त होता है। अतः यहां इंद्र शब्द के साथ ङीप् प्रत्यय लगने पर ऐन्द्री शब्द बनता है।

174. महेश्वरसूत्रेषु 'ञम्' प्रत्याहारे उचितक्रमः वर्तते-
(1) ञमङनणम् (2) ञमनङणम्
(3) ञमङणनम् (4) ञनङणनम् (3)
**व्याख्या-** पाणिनी रचित अष्टाध्यायी में प्रारंभ में 14 माहेश्वर सूत्र दिए गए हैं जिनमें ञम् प्रत्याहार के अंतर्गत प्रत्येक वर्ग का पंचम वर्ण सम्मिलित है। कवर्ग का ङ् चवर्ग का ञ्, टवर्ग का ण्, तवर्ग का न् तथा पवर्ग का म् इसी प्रत्याहार के वर्ण है और इनका उचित क्रम इस प्रकार है 'ञमङणनम्'।

175. 'लता' शब्दस्य तृतीया विभक्तौ बहुवचने रूप भवति-
(1) लताभ्यः (2) लतैः
(3) लताभिः (4) लतेभिः (3)
**व्याख्या-** स्वादि प्रत्ययों के अंतर्गत तृतीया विभक्ति बहुवचन का प्रत्यय 'भिस्' होता है। लता शब्द आकारांत स्त्रीलिंग शब्द है और इसमें भिस् प्रत्यय जोड़ने पर तृतीया विभक्ति बहुवचन में लताभिः रूप बनता है।

176. 'अनुविष्णु' इत्यत्र पश्चादर्थे समासः अस्ति-
(1) द्वन्द्वः (2) तत्पुरुषः
(3) कर्मधारयः (4) अव्ययीभावः (4)
**व्याख्या-** अनुविष्णु शब्द में पश्चात् अर्थ में अव्ययीभाव समास होता है। अव्ययीभाव समास में प्रथम पद में अव्यय या उपसर्ग होता है तथा उत्तर पद संज्ञा शब्द होता है। यहां विष्णु के पश्चात् अर्थात् अनुविष्णु रूप बना है और यह अव्ययीभाव समास का उदाहरण है।

177. 'शक्नुवन्तु' लकारोऽस्ति-
(1) लट् लकारः (2) लोट् लकारः
(3) लङ् लकारः (4) विधिलिङ् लकारः (2)
**व्याख्या-** तिङन्त प्रत्यय में लोट् लकार के अंतर्गत तु, ताम् अन्तु प्रत्यय आते हैं अतः यहां शक्नुवन्तु में लोट् लकार है।

178. अपादाने विभक्तिः भवति-
(1) पञ्चमी (2) चतुर्थी (3) षष्ठी (4) द्वितीया (1)
**व्याख्या-** संस्कृत में कारक 6 होते हैं जिसके अंतर्गत कर्ता, कर्म, करक, संप्रदान, अपादान और अधिकरण आते हैं। यहां अपादान कारक में 'अपादाने पंचमी' सूत्र से पंचमी विभक्ति का प्रयोग होगा।

179. अघोषः अस्ति-
(1) खर् वर्णाः (2) झल् वर्णाः
(3) हश् वर्णाः (4) जश् वर्णाः (1)
**व्याख्या-** अक्षरों के उच्चारण में हम जो प्रयत्न करते हैं वह दो प्रकार के होते हैं आभ्यंतर और बाह्य। बाह्य प्रयत्न के अंतर्गत अघोष प्रयत्न आता है। वर्गों का प्रथम द्वितीय वर्ण तथा ष, श, स यह अघोष वर्ण में आते हैं अर्थात् खर् प्रत्याहार में सम्मिलित वर्ण अघोष होते हैं।

180. परस्परं सवर्णसंज्ञा न स्यात्-
(1) अ - आ (2) इ - ई
(3) ऋ - ऌ (4) ए - ऐ (4)
**व्याख्या-** 'तुल्यास्य प्रयत्नं सवर्णम्' अर्थात जब दो या उससे अधिक वर्णों के उच्चारण स्थान मुख विवर में स्थित ताल्वादि और आभ्यंतर प्रयत्न समान या एक हों तो उनकी सवर्ण संज्ञा होती है। यहां ए-ऐ का उच्चारण स्थान समान नहीं होने के कारण इसकी सवर्ण संज्ञा नहीं होगी।

181. अधोलिखितेषु बहुव्रीहिः समासस्य प्रयोगः कस्मिन् विकल्पे वर्तते -
(1) युद्धनिपुणः (2) नखभिन्नः
(3) अपुत्रः (4) भूतपूर्वः (3)
**व्याख्या-** बहुव्रीहि समास में पूर्व पद और उत्तर पद दोनों ही प्रधान नहीं होते जबकि अन्य पद प्रधान होता है। यहां उदाहरणों में अपुत्रः में बहुव्रीहि समास का प्रयोग हुआ है और इसका समास विग्रह है- अविद्यमान पुत्रः यस्य सः अर्थात् जिसके पुत्र यस्य सः अर्थात् जिसके पुत्र नहीं है वह पुरुष।

182. असंगतं विकल्पं चिन्वन्तु-
(1) वधुः - द्वितीया विभक्ति बहुवचनरूपमस्ति।
(2) आत्मनः - द्वितीया विभक्ति बहुवचनरूपमस्ति।
(3) नदीः - द्वितीया विभक्ति बहुवचनरूपमस्ति।
(4) मातृन - द्वितीया विभक्ति बहुवचनरूपमस्ति। (4)
**व्याख्या-** यहां मातृन् विकल्प असंगत है क्योंकि ऋकारांत स्त्रीलिंग 'मातृ' शब्द की द्वितीय विभक्ति बहुवचन में रूप बनता है-मातॄन्।

183. वृद्धिसन्धेः उदाहरणमस्ति-
(1) देवेन्द्रः (2) वागीशः
(3) देवैश्वर्यम् (4) नरेन्द्रः (3)
**व्याख्या-** वृद्धिरादैच् सूत्र से आ, ऐ, औ को वृद्धि कहते हैं। यहां वृद्धि संधि का उदाहरण देवैश्वर्यम् है क्योंकि देव + ऐश्वर्यम् में वृद्धि संधि हुई है।

184. हस् धातोः लङ्लकारस्य मध्यमपुरुषस्य एकवचनरूपमस्ति-
(1) अहसत् (2) अहसे
(3) अहसः (4) अहसाम: (3)
**व्याख्या-** लङ्लकार भूतकाल को कहते हैं। लङ्लकार मध्यम पुरुष एकवचन में तिङन्त प्रत्यय के अंतर्गत (:)लगता है अतः यहां हस् धातु लङ्लकार मध्यम पुरुष एकवचन का अहसः रूप शुद्ध होगा।

185. '..........सह गृहं गच्छति' इत्यत्र रिक्तस्थाने उचितपदमस्ति-
(1) पित्रा (2) पितुः
(3) पितरम् (4) पितरेण (1)



Visit CollegeDekho

व्याख्या- सह, साकं, सार्धम्, समम् शब्दों के साथ जिसके साथ जाया जाता है उस शब्द में तृतीया विभक्ति का प्रयोग होता है। यहां पिता के साथ घर जाता है अर्थात् पिता शब्द में तृतीया विभक्ति का प्रयोग होने से 'पित्रा' शुद्ध रूप होगा।

186.'स्तुत्यः' इत्यत्र कः प्रत्ययः -

(1) यत् (2) क्यप्
(3) तव्यत् (4) ण्यत् (2)

व्याख्या- 'एतिस्तुशास् वृदृजुषः क्यप्' सूत्र से एति, स्तु, शास्, वृ, दृ, जुष् धातुओं के साथ क्यप् प्रत्यय का प्रयोग होता है। यहां स्तुत्यः शब्द में स्तु धातु के साथ क्यप् प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

187.'पञ्चगवम्' इत्यत्र विग्रहः अस्ति -

(1) पञ्चानाम् ताः गावः (2) पञ्च ताः गावः
(3) गवां पञ्चः (4) पञ्चानां गवां समाहारः (4)

व्याख्या- 'संख्यापूर्वो द्विगुः' सूत्र के अनुसार जब समास में प्रथम शब्द संख्यावाची हो और दूसरा कोई संज्ञा हो उस समास को द्विगु समास कहते हैं और यह समास किसी समूह, समाहार का द्योतक होता है इस अवस्था में वह नित्य नपुंसक लिंग एकवचन में रहता है। यहां पञ्चगवम् शब्द का विग्रह द्विगु समास में होने से पञ्चानां गवां समाहारः होगा।

188.असंगतं विकल्पं चिन्वन्तु-

(1) ऋ, र, ष – मूर्धन्यवर्णाः
(2) श, ष, स, ह- -----विवृतप्रयत्ना वर्णाः
(3) तुल्यास्यप्रयत्नं – सवर्णम्
(4) स्वराणां आभ्यन्तर विवृतम (2)

व्याख्या- यहां श्, ष्, स्, ह् वर्ण शल् प्रत्याहार के अंतर्गत आते हैं यह ऊष्म व्यंजन होते हैं तथा आभ्यन्तर प्रयत्न में ईषद् विवृत कहलाते हैं। अन्य सभी विकल्प सही है परंतु यही विकल्प असंगत है।

189.'साधवः' इत्यत्र किं वचनमस्ति?

(1) एकवचनम् (2) द्विवचनम्
(3) बहुवचनम् (4) सर्वाणि (3)

व्याख्या- साधु शब्द उकारांत पुल्लिंग शब्द है जिसके प्रथमा विभक्ति बहुवचन में साधवः रूप बनता है अतः यह बहुवचन है।

190.'विधिः' इति शब्दः कस्य लिङ्गस्य-

(1) पुल्लिङ्ग (2) स्त्रीलिङ्ग
(3) नपुंसकलिङ्ग (4) पुल्लिङ्गनपुसकलिङ्गयोः (1)

व्याख्या- विधिः शब्द इकारांत पुल्लिंग शब्द है।

191.समीचीनां तालिकां चिनुत-

(A) वटवृक्षः (i) यण् सन्धिः
(B) सीमन्तः (ii) दीर्घ सन्धिः
(C) साराङ्गः (iii) अयादि सन्धिः
(D) अन्वितिः (iv) पररूप सन्धिः

(1) (i),(ii),(iii),(iv) (2) (iii),(iv),(ii),(i)
(3) (iv),(iii),(ii),(i) (4) (iii),(iv),(i),(ii) (2)

व्याख्या- वटवृक्षः = वटो + ऋक्षः यह अयादि संधि का उदाहरण है।
सीमन्तः = सीमन् + अन्तः यह पररुप संधि का उदाहरण है।
साराङ्गः = सार + अङ्गः यह दीर्घ संधि का उदाहरण है।
अन्विति = अनु + इति यह यण संधि का उदाहरण है।

192.दृश् धातोः लङ् लकारस्य मध्यमपुरुषस्य एकवचनरूपमस्ति-

(1) अपश्यः (2) अपश्य
(3) अदृश्यः (4) अदृश्य (1)

व्याख्या- लङ् लकार मध्यम पुरुष एकवचन में तिङन्त प्रत्यय के अंतर्गत (:) आता है अतः यहां दृश् धातु लङ्लकार के मध्यम पुरुष एकवचन का रूप अपश्यः होगा।

193.उपसर्ग दृष्ट्या असंगतं विकल्पं वर्तते-

(1) परा + गम् = परागः (2) सम् + कृ = संस्कारः
(3) अभि + नी = अभिनयः (4) अभि + उद् = अभ्युपगमः (4)

व्याख्या- उपसर्ग धातु या शब्दों के आगे जोड़कर उनके अर्थ में परिवर्तन ला देते हैं यहां सभी विकल्पों में उपसर्ग धातुओं के साथ जुड़ा हुआ है तथा नवीन शब्द बना रहा है। यहाँ अभि + उद् = अभ्युगमः विकल्प असंगत है।

194.'शीङ् + तुमुन्' इत्यस्य शुद्धंरूपमस्ति-

(1) शैतुम् (2) शीतुम्
(3) शयितुम् (4) शेतुम् (3)

व्याख्या- शीङ् धातु का अर्थ सोना होता है इसके साथ तुमुन् प्रत्यय जोड़ने पर शयितुम् शब्द बनता है।

195.एषु सम्यक् सुमेलनं नास्ति-

(1) जि + तुमुन् – जेतुम् (2) तृ + ण्वुल् = तारकः
(3) बुध् + ल्युट् – बधुनम् (4) प्र + अ = प्रणतिः (3)

व्याख्या- जि धातु के साथ तुमुन् प्रत्यय जोड़ने पर जेतुम्, तृ धातु के साथ ण्वुल् प्रत्यय जोड़ने पर तारकः, प्र + नम् + क्तिन् = प्रणति शब्द बनता है परंतु बुध धातु के साथ ल्युट् प्रत्यय जोड़ने पर बोधनम् शब्द बनता है। यह असंगत है।

196.सन्धि- दृष्ट्या कतमं विकल्पं सम्यक् नास्ति-

(1) हलस् + ईषा = हलीषा (2) नौ + यम् = नाव्यम्
(3) जयत् + रथः = जयद्रथः (4) गुरो + अ = गुरवे (4)

व्याख्या- हलस् + ईषा = हलीषा पररूप संधि है। नौ + यम् = नाव्यम् अयादि संधि है। जयत् + रथः = जयद्रथः जश्त्व संधि है परंतु गुरो + अ = गुरवे यहां संधि नहीं है क्योंकि गुरवे पद का संधि विच्छेद गुरो + ए होता है।

197.शुद्धं वाक्यमस्ति-

(1) ज्ञानी पापाद् बिभीतः (2) ज्ञानिनः पापेन बिभ्यन्ति
(3) ज्ञानिनः पापाद् बिभ्यति (4) पापस्य बिभेति ज्ञानिनः (3)

व्याख्या- 'भित्रार्थानाम् भयहेतोः' सूत्र से भीञ् धातु के योग में जिससे डरा जाता है उसमें पंचमी विभक्ति आती है अतः यहां ज्ञानिनः पापाद् बिभ्यति वाक्य शुद्ध है।

198.आचार्य वरदराजकृत रचना अस्ति-

(1) अष्टाध्यायी (2) लघुसिद्धान्तकौमुदी
(3) महाभाष्यम् (4) सिद्धान्तकौमुदी (2)

व्याख्या- आचार्य वरदराज में संस्कृत व्याकरण के तीन ग्रंथों की रचना की है लघुसिद्धांतकौमुदी, सारकौमुदी, मध्यसिद्धांतकौमुदी।

199.'पृष्टम्' इत्यत्र प्रत्ययः अस्ति-

(1) क्तवतु (2) टाप्
(3) क्त (4) तव्यत् (2)

व्याख्या- पृष्टम् में क्त प्रत्यय जुड़ा हुआ है जिसमें त शेष रहता है।

200.'यकारस्य' उच्चारणस्थानमस्ति-

(1) तालुः (2) ओष्ठौ
(3) मूर्धा (4) नासिका (1)

व्याख्या- उच्चारण स्थान के अनुसार यकार का उच्चारण स्थान का सूत्र है - इचुयशानां तालुः अर्थात इकार चवर्ग, यकार और श का उच्चारण स्थान तालु होता है।

Visit CollegeDekho